राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 73
लखनऊ, मंगलवार 29 अक्टूबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com






खेल के मैदान पर छात्रों ने बिखेरी प्रतिभा की चमक 04

दिवाली को लेकर छापामारी तेज, भरे गए नमूने 11


# दुनिया में बढ़ रहा भारत का गौरव : मोदी

## प्रधानमंत्री ने गुजरात को दी 4800 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात, गुजरात ने दुनिया को बताया-हमारे शहरों-गांवों का सामर्थ्य

**पूरी दुनिया भारत की बात गंभीरता और ध्यान से सुन रही: पीएम**

एजेंसी

**अमरेली।** प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के अमरेली जिले के लाठी में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में कहा कि जैसे-जैसे भारत का विकास हो रहा है, दुनिया में भारत का गौरव बढ़ता जा रहा है। विश्व भारत की ओर नई आशा से देख रहा है। विश्व में एक नई दृष्टि भारत के लोगों को देखने के प्रति पैदा हुई है। भारत के सामर्थ्य की लोगों की पहचान होने लगी है। पूरी दुनिया भारत की बात गंभीरता और ध्यान से सुनती है। भारत के अंदर की संभावनाओं को लेकर चर्चा होने लगी है।

प्रधानमंत्री ने देश के इस सामर्थ्य में गुजरात की भूमिका की चर्चा की। उन्होंने कहा कि गुजरात ने दुनिया को बताया कि भारत के शहरों-गांवों में कितना सामर्थ्य है। रूस में हुए ब्रिक्स सम्मेलन की चर्चा कर पीएम ने कहा कि वहां विश्व के कई देशों ने भारत के साथ जुड़ने की मंशा प्रकट की। वे भारत की विकास यात्रा में भागीदार होने के लिए निवेश की संभावनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। जर्मनी अपने उद्यमियों को भारत में निवेश के लिए प्रेरित कर रहा है। जर्मनी की भारत के लोगों को वीजा देने की घोषणा पर मोदी ने कहा कि पहले जर्मनी 20 हजार वीजा देता था, अब वह 90 हजार वीजा देगा। मोदी ने इसे भारत के नौजवानों के लिए बड़ा अवसर बताया।

वडोदरा में टाटा की फैक्टरी में स्पेन के साथ मिलकर बनने वाले सेना के परिवहन विमान फैक्टरी की चर्चा कर प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे गुजरात के छोटे-छोटे उद्योगों को लाभ होगा। राजकोट समेत गुजरात के कोने-कोने में बनने वाले छोटे उद्योगों के कल-पुर्जों का उपयोग होगा। प्रधानमंत्री ने अमरेली के लाठी से 4800 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। मोदी ने दिवाली पूर्व हुए इस आयोजन पर कहा कि एक तरफ संस्कृति का उत्सव और दूसरी ओर विकास का उत्सव चल रहा है। यह भारत की एक नई तासीर है, विरासत और विकास साथ-साथ चल रहा है। प्रधानमंत्री ने सौराष्ट्र और अमरेली की धरती को रत्नों की भूमि बताया। उन्होंने ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक और राजनीतिक महत्व की चर्चा की। कई संतों-महापुरुषों का उल्लेख किया। लोक साहित्यकार काग बापू और गुजरात के प्रथम मुख्यमंत्री जीवराज मेहता की चर्चा की।

अमरेली के लोगों ने मुसीबत के विरुद्ध मुकाबला किया, चुनौतियों को चुनौती दी है। प्राकृतिक आपदाओं के समक्ष झुकने के बजाए सामर्थ्य का रास्ता चुना है, हम उनकी संतान है। यहां के रत्नों ने देश का नाम रोशन किया है। प्रधानमंत्री ने अमृत सरोवर अभियान की सफलता का उल्लेख किया। कैच दी रेन का जन अभियान का भी उल्लेख कर बताया कि इसके जरिए बिहार, मध्यप्रदेश और राजस्थान में जल संरक्षण का अभियान शुरू किया गया है। इसके महत्व को सौ-दो सौ वर्ष पूर्व भी लोगों ने स्वीकार किया। महात्मा गांधी के पोरबंदर स्थित घर की चर्चा कर मोदी ने कहा कि वहां घर के अंदर 200 पुराना जल संग्रह का टंकी जमीन के अंदर देखने को मिलता है। आज जहां-जहां नर्मदा का पानी पहुंचा है।



### भाजपा सरकार ने गुजरात में पानी को दी प्राथमिकता

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब से गुजरात में भाजपा की सरकार बनी है, पानी को प्राथमिकता दी गई। उन्होंने बताया कि वे गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में दूसरों को बताते थे कि उनके राज्य के बजट का बड़ा हिस्सा पानी के लिए खर्च किया जाता है। सरदार सरोवर नर्मदा प्रोजेक्ट की उन्होंने चर्चा की। मोदी ने कहा कि नर्मदा नदी से 20 नदियों को जोड़ा गया है। नदियों में छोटे-छोटे तालाब बनाने की परिकल्पा की चर्चा कर उन्होंने कहा कि जिससे मिलों तक पानी का फैलाव होगा।

### इंदौर को आज एक और सुपर स्पेशलिटी की मिलेगी सौगात

**इन्दौर।** धनतेरस के अवसर पर मंगलवार, 29 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इंदौर को एक और सुपर स्पेशलिटी की सौगात देने जा रहे हैं। ईएसआईसी ने एक सर्व सुविधायुक्त अत्यधुनिक अस्पताल बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी इसका वर्चुअली लोकार्पण करेंगे। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी वर्चुअली इस कार्यक्रम में जुड़ेंगे। मध्य प्रदेश सरकार के मंत्रीगण नगरीय विकास एवं आवास और संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रह्लाद पटेल एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट भी इंदौर में कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। सांसद शंकर लालवानी ने सोमवार को कार्यक्रम स्थल का दौरा किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक रमेश मेंदोला भी उपस्थित थे। सांसद लालवानी ने बताया कि 300 बेड की क्षमता वाले इस अस्पताल की लागत 330 करोड़ रुपये आई है। इस अस्पताल की क्षमता को बढ़ाकर 500 बेड तक ले जाया जा रहा है।

### 70 से अधिक के वृद्धजन के लिए आयुष्मान योजना का शुभारंभ आज

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहन सिंह सिसोदिया ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मंगलवार, 29 अक्टूबर को दोपहर 12.30 से 01.35 बजे तक वर्चुअल रूप से 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वृद्धजनों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना अंतर्गत शामिल किए जाने की योजना का शुभारंभ किया जाएगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा स्वास्थ्य विभाग के यूडब्ल्यूआईएन पोर्टल एवं आयुष मंत्रालय फार्मास्यूटिकल्स विभाग की परि योजनाओं का शुभारंभ एवं शिलान्यास सहित अनेक डिजिटल नवाचारों को भी लॉन्च किया जाएगा, जिसका लाइव टेलीकास्ट ऑनलाइन किया जाएगा। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सिवनी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंदसौर में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के लोकार्पण एवं शासकीय नर्सिंग महाविद्यालयों के भूमिपूजन (वर्चुअल) कार्यक्रम में स्वयं उपस्थित रहेंगे।

# जम्मू के बट्टल में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकी ढेर

एजेंसी

**जम्मू।** जिले के उपजिला अखनूर के बट्टल में सोमवार को आतंकियों ने सेना की एक एम्बुलेंस को निशाना बनाकर गोलीबारी की, जिसके बाद चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों से मुठभेड़ हो गई, जिसमें सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया। क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान फिलहाल जारी रखा है।

जानकारी के अनुसार, आज सुबह करीब सात बजे तीन आतंकवादियों ने सेना की एक एंबुलेस पर हमला किया। अखनूर के बट्टल गांव के शिव मंदिर के पास घात लगाकर बैठे तीन आतंकियों ने सेना के वाहन पर गोलीबारी की। इसके बाद क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू हुआ। तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें तीन आतंकियों को मार गिराया गया है। आतंकियों के शवों के साथ हथियार व गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान के साथ लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा के अखनूर सेक्टर के केरी बट्टल इलाके में बने एक



शिव मंदिर में आतंकियों ने रात के अंधेरे में शरण ली थी। तीनों आतंगी सेना की वर्दी में थे और हथियारों से लैस थे। ऐसा माना जा रहा है कि आतंकी सीमापार से घुसपैठ कर भारतीय सीमा में घुसे थे। सोमवार सुबह 06:30 बजे के करीब गांव के तीन बच्चे जब रोज की तरह शिव मंदिर में मत्था टेक कर ट्यूशन पढ़ने के लिए जा रहे थे तो मंदिर में छुपे आतंकियों ने उन्हें रोक लिया। आतंकियों ने बच्चों से फोन मांगा तो बच्चों ने इंकार कर दिया। उन्होंने कहा कि उनके पास मोबाइल फोन नहीं है, जिस पर आतंकियों ने उनसे मारपीट की। इसके बाद एक ने उन पर बंदूक तान दी और उन्हें मंदिर से भाग जाने को कहा। इन तीनों आंतकवादियों को ट्यूशन सेंटर चला रहे एक मास्टर ने भी देखा। उसने बताया कि वह मंदिर के गेट पर था। जब उसने आतंकियों को देखा तो वह वापस चला गया।

## संक्षिप्त समाचार

### सफर आसान : गंगा पर नया रेलवे ब्रिज बनकर तैयार

**प्रयागराज।** प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुम्भ में 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के कुम्भनगरी पहुंचने का अनुमान है। प्रदेश की योगी सरकार और केंद्र सरकार इस आयोजन में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आवागमन के लिए दिन रात तैयारियां कर रही हैं। रेल मार्ग से वाराणसी से प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं के लिए गंगा नदी पर 495 करोड़ की लागत से बनकर तैयार नया रेलवे सेतु आगंतुकों का सफर आसान करेगा। महाकुम्भ में सबसे अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के सड़क परिवहन से कुम्भनगरी पहुंचने का अनुमान है। इस बार लगभग 10 करोड़ लोगों के ट्रेन के जरिये यहां पहुचंने का अनुमान है।

### 2019 से अक्टूबर 2024 के बीच के 107 वकीलों के लाइसेंस रद्द

**नई दिल्ली।** बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने 2019 से लेकर अक्टूबर 2024 के बीच दिल्ली के 107 वकीलों का लाइसेंस रद्द कर दिया है। बीसीआई ने कहा है कि फर्जी वकीलों का लाइसेंस निरस्त करना विधिक व्यवसाय के गुणवत्ता को बरकरार रखने के लिए जरूरी था। बीसीआई के सचिव श्रीमांतो सेन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि विधिक व्यवसाय के प्रति लोगों के भरोसे को कायम रखने के लिए अनैतिक विधिक व्यवसाय से जुड़े लोगों पर लगाम लगाया गया है।

### फूलपुर से सपा प्रत्याशी पर प्राथमिकी दर्ज

**प्रयागराज।** फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में (सपा) समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी मुज्तबा सिद्दीकी के खिलाफ अनुसूचित जाति के लिए अमर्यादित टिप्पणी करने पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। वहीं मुज्तबा सिद्दीकी का कहना है कि सोशल मीडिया में मेरे बयान को तोड़ मरोड़कर पेश किया जा रहा है।

## महाराष्ट्र विस चुनाव : भाजपा ने जारी की 25 उम्मीदवारों की तीसरी सूची

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 25 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की।भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने बताया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 25 उम्मीदवारों के नामों को स्वीकृति प्रदान की है। भाजपा ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पहली सूची में 99 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया था। वहीं दूसरी सूची में 22 प्रत्याशियों के नाम घोषित किये थे। इस तरह से पार्टी के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 146 प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिये हैं। महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा और नतीजे 23 नवंबर को आएंगे।

# बहराइच हिंसा के मामले में 29 पुलिसकर्मी हुए लाइन हाजिर

**हरदी थाने के 14 और राम गांव थाने के 15 पुलिसकर्मी शामिल**

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** जिले के महराजगंज कस्बा में बीते दिनों हुए हिंसा के बाद अब पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला लगातार कार्रवाई कर रही हैं। इसी कड़ी में उन्होंने सोमवार को 29 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। उनकी जगह पर दूसरे पुलिस कर्मियों की तैनाती की है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज में 13 अक्टूबर को एक धार्मिक जुलूस के दौरान हुए बवाल में एक युवक की गोली लगने से मौत हो गई थी। अगले दिन 14 अक्टूबर को वाहनों में तोड़फोड़ और आगजनी की गई। जिले की बिगड़ी स्थिति को पुलिस ने अतिरिक्त फोर्स की मदद से काबू में किया। इसके बाद उपद्रवियों को चिह्नित कर गिरफ्तारी शुरू की गयी। वहीं, लापरवाही बरतने को लेकर सीओ, थानाध्यक्ष, चौकी इंचार्ज और तहसीलदार पर कार्रवाई हो चुकी है। इसी क्रम में सोमवार को पुलिस अधीक्षक ने 29 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है। इनमें हरदी थाने के 14 और राम गांव थाने के 15 पुलिसकर्मी हैं। इसके अलावा पुलिस लाइन के 13 पुलिसकर्मियों को हरदी और 16 को राम गांव थाने में तैनाती मिली है।

## धर्म परिवर्तन कराने के मामले में चार गिरफ्तार

**जौनपुर।** सिकरारा थाना क्षेत्र में सोमवार को पुलिस ने धर्म परिवर्तन कराने के मामले में दो महिलाओं समेत चार लोगों को पकड़ा है। ये लोग भय और अंधविश्वास दिखाकर लोगों को इसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे थे। पुलिस अब इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। अपर पुलिस अधीक्षक (देहात) शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि लोगों को बहला फूसलाकर इसाई धर्म में परिवर्तन कराने वाले चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनमें ग्राम सिकन्दरपुर निवासी राम बाबू गौतम, दुगोली संजीव गौतम, कनकपुर ग्राम रोशनी गुप्ता और बढौली निवासी रोहिता उर्फ आंचल हैं। बरामदगी के आधार पर धर्म संपरिवर्तन मुकदमा पंजीकृत करने के बाद सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया।

# ईडी ने बैंक धोखाधड़ी मामले में पांच राज्यों में 503.16 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की

**महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल बिहार, झारखंड व आंध्र प्रदेश में हुई कार्रवाई**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक धोखाधड़ी मामले में नागपुर स्थित व्यवसायी मनोज जायसवाल, उनकी बिजली कंपनी कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और उसके अन्य प्रमोटरों की 503.16 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। ये हाई-प्रोफाइल मामला 4,037 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी से जुड़ा हुआ है।

केंद्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि ईडी की



नागपुर इकाई ने मेसर्स कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और उनके प्रमोटरों यानी निदेशकों मनोज जायसवाल, अभिजीत जायसवाल, अभिषेक जायसवाल और अन्य के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 503.16 करोड़ रुपये मूल्य की चल-अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से जब्त किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी के मुताबिक बैंक धोखाधड़ी के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत 24 अक्टूबर, 2024 को महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और आंध्र प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर स्थित इन संपत्तियों को जब्त किया गया है। केंद्रीय जांच एजेंसी कहा कि जब?त की गई संपत्तियों में बैंक बैलेंस, म्यूचुअल फंड, शेयर, विभिन्न भू-संपत्तियां और मेसर्स कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और और इसके निदेशकों मनोज कुमार जायसवाल और अन्य के परिवार के सदस्यों के अलावा विभिन्न शेल कंपनियों के नाम पर अर्जित भवन शामिल हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने कहा कि कार्रवाई के तहत महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और आंध्र प्रदेश के विभिन्न स्थानों से संपत्तियां, भवन, बैंक बैलेंस, म्यूचुअल फंड और शेयर बरामद किए गए हैं।

# कस्टोडियल मौतों के मामले में यूपी बना रहा रिकॉर्ड : अखिलेश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में प्रदेश की पुलिस व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। पुलिस लोगों की सुरक्षा के बजाय हत्या कर रही है। भाजपा सरकार में कस्टोडियल मौतों के मामले में उत्तर प्रदेश हर साल नए रिकॉर्ड बना रहा है।

भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के इशारे पर पुलिस निर्दोष लोगों को प्रताड़ित कर रही है। इस सरकार में पुलिस का व्यवहार शोषण और अत्याचारी बन गया है। गरीब जनता बेबस है। प्रदेश में हर दिन पुलिस की खराब छवि सामने आती है। पुलिस कहीं लूट कर रही है, कहीं प्रताड़ित कर रही है तो कहीं हत्याएं कर रही है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि राजधानी



लखनऊ जैसी जगह में एक पखवारे में दो युवाओं की पुलिस पिटाई में मौत हो चुकी है। इस सरकार में पुलिस पूरी तरह निरंकुश हो चुकी है।

भाजपा सरकार और पुलिस से जनता का भरोसा खत्म हो चुका है। जबसे प्रदेश में भाजपा सरकार आयी है तब से हर साल पुलिस हिरासत में मौते बढ़ती जा रही हैं। उत्तर प्रदेश में 2021 में पुलिस हिरासत में 451 लोगों की मौते हुई थी। वहीं 2022 में यह आंकड़ा बढ़कर 501 हो गया। पुलिस हिरासत में मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। लखनऊ में दो सप्ताह पहले पुलिस पिटाई से विकास नगर में अमन गौतम की मौत हुई थी। शनिवार को लखनऊ पुलिस की पिटाई से चिनहट में मोहित पाण्डेय की मौत हो गयी। भाजपा सरकार और पुलिस पूरी तरह संवेदनहीनता पर उतारू है। मुख्यमंत्री से लेकर नीचे ते शासन-प्रशासन बदले की भावना से काम कर रहा है। इस सरकार ने प्रदेश में लोकतंत्र और संविधान खत्म कर दिया है। तानाशाही और आतंक का राज स्थापित कर दिया है। पुलिस हिरासत में मौतों और फर्जी एनकाउंटरों से पूरे प्रदेश में उत्तर प्रदेश की छवि खराब हो रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी किसी भी तरीके से लोगों की जान लेने को मानवता के खिलाफ मानती है।

### कई भाजपा और बसपा नेता सपा में हुए शामिल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी (सपा) की नीतियों, कार्यक्रम तथा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व के प्रति आस्था जताते हुए आज गोरखपुर के भाजपा और बसपा के कई वरिष्ठ नेता समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। अखिलेश यादव ने नए साथियों के आने से पार्टी को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई है। अखिलेश यादव के समक्ष भाजपा छोड़कर प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, पूर्व प्रधानाचार्य एमजी पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज गोरखपुर समाजवादी पार्टी में शामिल हुए। गोरखपुर के ही आचार्य मुकेश कुमार श्रीवास्तव ने भी समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली। मुकेश श्रीवास्तव उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान से राहुल सांस्कृतायन पुरस्कार से सम्मानित हैं। सदर लोकसभा क्षेत्र गोरखपुर से बसपा प्रत्याशी रहे जावेद सिमनानी बसपा छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए हैं।

## प्रधान ने किया आईआईटी बीएचयू में 400 करोड़ की छह परियोजनाओं का शिलान्यास

**वाराणसी।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने सोमवार को आईआईटी बीएचयू में 13वें दीक्षांत समारोह के बाद 400 करोड़ की कुल छह परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में सेंटेनरी इनोवेशन एंड रिसर्च पार्क (सीआईआरपी), इस अत्याधुनिक भवन में कन्वेंशन एरिया, डिजिटल पुस्तकालय, समिति कक्ष, स्वागत क्षेत्र और प्रतीक्षा लॉन्ज, 16 यात्री क्षमता की लिफ्ट, एक मालवाहक लिफ्ट, प्रयोगशालाएँ, संकाय चैंबर, शोध अधिकारियों के लिए हॉल और एक नियंत्रण कक्ष की सुविधा मिलेगी। दूसरी परियोजना सेंटेनरी डिफेंस एंड प्रिसिजन इंजीनियरिंग हब है। यह हब रक्षा और प्रिसिजन इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अग्रणी होगा।

# पप्पू यादव को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से मिली जान से मारने की धमकी

**केंद्रीय गृहमंत्री को पत्र लिखकर जेड श्रेणी की सुरक्षा की मांग**

एजेंसी

**पटना।** पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जान से मारने की धमकी मिली है। इसके बाद उन्होंने अपनी सुरक्षा घेरा बढ़ाने की मांग की है। पप्पू यादव ने केंद्रीय गृहमंत्री को पत्र लिखकर अपने लिए (वाई श्रेणी) की सुरक्षा बढ़ाकर (जेड श्रेणी) करने की मांग की है।

पूर्णिया के सांसद ने इसकी शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से भी की है। पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है।



जिसमें उन्होंने लिखा कि मैं अपने जीवनकाल में एक बार बिहार विधान सदस्य तथा 6 बार संसद सदस्य (लोकसभा) के रूप में निर्वाचित हुआ हूं। इस दौरान मुझ पर तथा मेरे परिवार के सदस्यों पर हमला हुआ है। कई बार नेपाल के माओवादी संगठन सहित कई जातिवादी अपराधियों ने जानलेवा हमला किया है। मैं ऊपर वाले के कृपा से बचता रहा। उन्होंने आगे लिखा कि नेपाल के उग्रवादी संगठन माओवादी ने जब मेरे मोबाइल पर धमकी दी थी।

# निवेश के लिए फास्ट ट्रैक तंत्र व रेलवे में सहयोग पर बनी सहमति

**मोदी व स्पेन पीएम पेड्रो के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की हुई वार्ता**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और स्पेन के उनके समकक्ष पेड्रो सांचेज के बीच सोमवार को लक्ष्मी विलास पैलेस, वडोदरा में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई है। इस दौरान दोनों देशों के बीच कुछ प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग पर सहमति बनी। इस दौरान बेंगलुरु में स्पेनिश वाणिज्य दूतावास की स्थापना और बार्सिलोना में भारतीय वाणिज्य दूतावास के संचालन की घोषणा की गई।

भारत और स्पेन में पारस्परिक निवेश की सुविधा के लिए फास्ट ट्रैक तंत्र की स्थापना की जाएगी। दोनों नेताओं ने आज वडोदरा में सी295 विमान के अंतिम असेंबली लाइन प्लांट का संयुक्त उद्घाटन किया, जिसे एयरबस स्पेन के सहयोग से टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स द्वारा बनाया गया है। दोनों देशों ने वर्ष 2026 को भारत-स्पेन संस्कृति, पर्यटन और एआई वर्ष के रूप में घोषित किया है।

भारत-स्पेन ऑडियो विजुअल सह-उत्पादन समझौते के तहत संयुक्त आयोग का निर्माण करेंगे। दोनों देशों के बीच रेल परिवहन के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन और सीमा शुल्क मामलों में सहयोग और पारस्परिक सहायता पर समझौता हुआ है। दोनों देश वर्ष 2024-2028 के लिए सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

कार्यक्रम

## मुख्यमंत्री योगी हरियाणा के कुरुक्षेत्र में शंखाढाल भंडारा में हुए शामिल

# पहले के सभी कुंभों से विराट और भव्य होगा 2025 का प्रयागराज महाकुंभ

समृद्धि न्यूज

**कुरुक्षेत्र/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के पेहोवा स्थित डेरा सिद्ध बाबा गरीबनाथ मठ में आयोजित आठमान, बत्तीस धुनी व शंखाढाल भण्डारा कार्यक्रम में उपस्थित हुए। उन्होंने यहां देशभर से पधारे संतों और भक्तजनों को संबोधित किया।

उन्होंने सभी को प्रयागराज महाकुंभ में आमंत्रित करते हुए कहा कि सनातन धर्म का ये सबसे बड़ा आयोजन पिछले सभी कुंभों से ज्यादा विराट और भव्य होगा। आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में पधारे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी



को विधानसभा चुनाव में जीत की बधाई भी दी। आदित्यनाथ ने प्रदेश की जनता का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणावासियों ने प्रदेश में डबल इंजन की सरकार को फिर से चुनकर भगवान श्रीकृष्ण के उद्घोष परित्राणाय साधुनाम, विनाशाय च दुष्कृताम को सिद्ध करके दिखा दिया है। हरियाणा वालों ने दिखा दिया है कि जनता का जनार्दन रूप कैसा होता है। सज्जन शक्ति का संरक्षण और दुर्जन शक्ति को रसातल में पहुंचाना ही परम कर्तव्य है। उन्होंने धर्म के दो हेतुओं अभ्युदय और निश्रेयस की चर्चा करते हुए कहा कि अभ्युदय का पालन किये बिना निश्रेयस की प्राप्ति संभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि धर्म के दो हेतु हैं, पहला अभ्युदय और दूसरा है निश्रेयस का। अभ्युदय का अर्थ सांसारिक उत्कर्ष है, जिसमें हम अपने सामर्थ्य के अनुसार अपनी ऊर्जा को लोककल्याण के साथ जोड़ते हैं। इसके लिए हमें सही फैसला लेना होगा। धार्मिक क्षेत्र में अच्छे संत चाहिए होंगे। विकास के लिए सही लोग चुनने होंगे। अच्छे लोगों को चुनेंगे तो परिणाम भी अच्छा आएगा। पेहोवा के इस स्थल से अवतारी योगी सत्यनाथ जी की परंपरा को पूरे देश में विस्तार मिला। मगर पिछली चार पीढ़ियों से यहां की स्थिति ठीक नहीं थी। मगर ये प्रसन्नता का विषय है कि महंत शेरनाथ जी ने न केवल पेहोवा, बल्कि मुजफ्फरनगर और शामली के उजड़े हुए पवित्र स्थानों में %चमन% लाकर और सिद्धों की भावनाओं को मूर्तरूप देकर भक्तों के मन में नया विश्वास जागृत किया है।

### निष्काम भाव से किए काम के मिलते हैं परिणाम

हरियाणा के लोगों ने अच्छा फैसला किया है। ये भगवान श्रीकृष्ण के कर्मयोग की धरा है। जिन लोगों ने बुरा किया, उनका परिणाम भी बुरा ही होगा। दूसरा हेतु है नि श्रेयस का। एक योगी या सद्गृहस्थ अपने अभ्युदय को विस्मृत करके कभी निश्रेयस की प्राप्ति नहीं कर सकता। जब सांसारिक उत्कर्ष के लिए निष्काम भाव से काम करेंगे तो परिणाम हमें इसी रूप में देखने को मिलेगा। ये इस लोक में विकास के साथ लोकमंगल की कामनाओं की सिद्धि का आधार तो तय करेगा ही, इसके बाद वह हमारी मुक्ति का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। यही धर्म की दो कामनाएं हैं। इन्हीं कामनाओं को लेकर प्राचीन काल से संतों के समागम होते रहे हैं। समय-समय पर इस धरा धाम को उपकृत करने वाले दैवीय महापुरुषों के माध्यम से जो विशिष्ट घटनाएं घटित हुईं वही हमारे पर्व और त्यौहार बन गये। उन्होंने अपना संस्मरण सुनाते हुए जूनागढ़ में गुरुगोरखनाथ आश्रम के पूज्य गुरु श्रीत्रिलोकनाथ बाबू जी के भजन का उल्लेख करते हुए कहा कि संत हैं सुहागी, रहते सदा मगन, जाते हैं जिस लोक में करते सदा चमन।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान

# आज से 28 तक प्राप्त किए जाएंगे दावे-आपत्तियां: डीएम

- वोटर लिस्ट का छह जनवरी को होगा अन्तिम प्रकाशन: जिलाधिकारी
- आयोग ने 09, 10, 23, 24 नवंबर को नियत की विशेष तिथियां

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कराने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों के आलेख्य प्रकाशन 29 अक्टूबर को किया जाना है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु विभिन्न गतिविधियों/कार्यक्रमों के अन्तर्गत आलेख्य प्रकाशन 29 अक्टूबर से 28 नवंबर तक दावे एवं आपत्तियॉ प्राप्त की जायेगी। निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को किया जायेगा।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु विभिन्न गतिविधियों/कार्यक्रमों के अन्तर्गत विशेष अभियान की तिथियां भी निर्धारित की गयी हैं, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चार विशेष अभियान की तिथियां 09 नवंबर (शनिवार), 10 नवंबर (रविवार), 23 नवंबर (शनिवार), 24 नवंबर (रविवार) निर्धारित की गई है। आलेख्य प्रकाशन 29 अक्टूबर को मतदाता पंजीकरण अभियान का शुभारम्भ जिला स्तर, तहसील स्तर से लेकर सभी महाविद्यालय/कालेज/स्कूल एवं समस्त मतदेय स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित होंगे।

**विशेष अभियान तिथियों में मतदान केन्द्र पर मौजूद बीएलओ का करे सहयोग: डीएम:** जिले के सभी मतदाताओं को सूचित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि जनपद के प्रत्येक मतदान केन्द्र/मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान की तिथियों में उपस्थित बीएलओ का सहयोग प्रदान करे। यदि मतदाता सूची में नाम सम्मिलित नहीं है, तो फार्म-6 भरकर सम्मिलित कराने हेतु आवेदन करें। यदि निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित है और उसके नाम, पिता का नाम, आयु अथवा पते आदि में कोई संशोधन है, तो उसके लिये फार्म-8 भरकर संशोधन की कार्यवाही करायी जा सकती है एवं फार्म-8 के माध्यम से ही एक ही विधानसभा में एक मतदेय स्थल से दूसरे मतदेय स्थल पर नाम स्थानान्तरित किये जाने हेतु आवेदन किया जा सकता है। ऐसे मतदाता जिनकी मृत्यु हो चुकी है अथवा स्थायी रूप से स्थान परिवर्तन कर चुके हैं, वे फार्म-7 के माध्यम से आवेदन कर अपमार्जन की कार्यवाही करा सकते हैं। विशेष अभियान दिवसों के अलावा 29 अक्टूबर से 28 नवंबर तक सम्बन्धित तहसील में स्थापित मतदाता पंजीकरण केन्द्र पर अपने आवेदन कर सकते है और आनलाइन आवेदन के लिए https://voters.eci.gov.in/ पर जाकर अथवा Voter Helpline App के माध्यम से भी आवेदन कर सकते है।

# जिले के परिषदीय विद्यालय के बच्चों ने दिया पटाखामुक्त दीपावली मनाने का संदेश

- जिलाधिकारी की पहल: संकल्प लें मनाएं पटाखा रहित दीपावली

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



जिले में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देशन में पटाखा मुक्त दिवाली मनाने की मुहिम शुरू हुई। डीएम की पहल पर बीएसए प्रवीण तिवारी के नेतृत्व में जिले के परिषदीय विद्यालयों के लाखों बच्चों ने सोमवार को प्रदूषण रहित दिवाली मनाने की शपथ ली। मंगलवार को सभी परिषदीय विद्यालयों में दीवाली पर निबंध, चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

जिले के 3106 परिषदीय विद्यालयों (संविलियन, उच्च प्राथमिक एवं प्राथमिक) और 16 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में नामांकित छात्र-छात्राओं ने अपने अध्यापकों की नेतृत्व, अगुवाई में जागरूकता रैली निकालकर इस बार पटाखा मुक्त दीपावली मनाने का संदेश दिया। गांव-गांव में प्रदूषण मुक्त दीपावली का संदेश देती तख्तियां लिए इन परिषदीय विद्यालय के नौनिहालों ने लोगों से पटाखों के कारण होने वाले प्रदूषण की जागरूकता की और पटाखा मुक्त दीपावली मनाने का संदेश दिया। शिक्षकों ने बच्चों को दीपों के त्योहार दीपावली को पटाखामुक्त मनाने की शपथ भी दिलाई। विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा बच्चों को पटाखे के धुएं से बुजुर्गों और बच्चों को सांस लेने में होने वाली समस्याओं, आंखों में जलन, ऑक्सीजन की कमी, पक्षियों के लिए हो रही मुश्किल आदि समस्याओं से अवगत करवाया। उन्हें प्रेरित किया गया कि वह दीया जला कर, एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और पौधा लगाकर प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाएं।

**आज आयोजित होगी प्रतियोगिताएं:** बीएसए प्रवीण तिवारी ने बताया कि मंगलवार को डीएम की पहल : संकल्प लें मनाएं पटाखा रहित दीपावली के तहत जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में पटाखा रहित दीपावली मनाने के विषय पर निबंध, चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन होगा। और विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### एलआईसी के नये बीमा में बदलाव को लेकर अभिकर्ताओं में भारी नाराजगी



**ओयल खीरी।** भारत सरकार का उपक्रम भारतीय जीवन बीमा निगम ने 1 अक्टूबर 2024 से नये बीमा उत्पादों में बदलाव करते हुए अभिकर्ताओ का कमीशन घटा दिया है तथा क्लाबैक क्लाज लगाने एवं न्यूनतम बीमधन 2 लाख करने को लेकर अभिकर्ताओ में काफी नाराजगी देखने को मिली। पॉलिसियों कमीशन में किये गए बदलाव को लेकर नाराज आभिकर्ताओं ने लखीमपुर शाखा अपनी मांगों को लेकर लखीमपुर शाखा में दोपहर लंच के समय 1:30 पर विरोध प्रदर्शन में अभिकर्ता संघ के अध्यक्ष जितेन्द्र यादव महामंत्री अजय कुमार मिश्रा हरिश्चंद्र जैसवाल पूर्व अध्यक्ष संजय गिरी, अखिलेश श्रीवास्तव, सौरभ मिश्रा, इमामअली, जितेन्द्र बाजपेई, मुन्नालाल वर्मा, अंबरीश कुमार जितेन्द्र श्रीवास्तव मौजूद रहे। इस मौके पर लखीमपुर शाखा के सभी अभिकर्ता मौजूद रहे। इस सम्बंध में अभिकर्ता संघ के अध्यक्ष जितेन्द्र यादव ने बताया संघ के मंडल पदाधिकारियो के निर्देश पर 28 अक्तूबर से 4 नवम्बर 2024 अपनी मांगों को लेकर शाखा पर प्रदर्शन किया जायगा।

### संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजित, विजेता पुरस्कृत



**मितौली खीरी।** विकास खंड मितौली के जिला पंचायत इंटर कॉलेज कस्ता में संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार के खेलो में दौड़, उचीं कूद, खो–खो, कबड्डी आदि का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया गया प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य गिरीश चंद्र एवं संतोष भार्गव, जिला महामंत्री जूनियर शिक्षक संघ द्वारा किया गया जिसमें निम्नलिखित शिक्षकों शिक्षक साथियों ने उपस्थित रहकर अपना, अपना योगदान प्रदान किया प्रतियोगिता सम्पन्न कराने में मुख्य भूमिका ए आर पी प्रशांत पांडे, नोडल शिक्षक अपूर्व श्रीवास्तव, निशा राज, तारा देवी, संदीप वर्मा प्रदेश मंत्री अटेवा,अमिता मिश्रा, देवेंद्र कुमार, ओमपाल सिंह, अभिषेक मिश्रा, विनोद कुमार, रामानुज शुक्ल, विनोद कुमार , मनीष महावर ,अवनीश सिंह, सरोज त्रिवेदी, यदुवीर सिंह, धीरेंद्र कुमार, मोहम्मद हाशिम समस्त खेलों के निर्णायक मुनेश कुमार, शिवमंगल सिंह व अमित शर्मा मौजूद रहे।

### ताइक्वांडो खिलाड़ियों का लिया गया बेल्ट टेस्ट



**पलिया कलां खीरी।** रविवार को श्री रामलीला मैदान पर पलिया ताइक्वांडो एकेडमी द्वारा खिलाड़ियों के कलर बेल्ट टेस्ट का आयोजन किया गया। इस टेस्ट में व्हाइट, येलो, ग्रीन, ग्रीनवन, ब्लू, ब्लू वन, रेड, रेड वन बेल्ट के लिए दिए गए टेस्ट में खिलाड़ियों ने स्टांस, फंडामेंटल, पूमसे, किक्स, अटैक डिफेंस तथा वुडेन बोर्ड ब्रेकिंग में सभी खिलाड़ियों ने अपने अपने वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया। चीफ कोच प्रदीप कुमार व पलिया कोच अरुण तिवारी द्वारा सभी खिलाड़ियों का टेस्ट लिया गया। इस टेस्ट को क़्वालिफाई करने वाले खिलाड़ियों को नवंबर माह में बेल्ट पहनाकर प्रमाण पत्र वितरित किये जायेंगे। टेस्ट के दौरान काफी संख्या में उपस्थित खिलाड़ियों के अभिभावकों ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्पना झा,दिनेश वर्मा सहित अरहम,अरिहंत,कुशाग्र, चंदन निषाद ,अरनव आदि सीनियर ताइक्वांडो खिलाड़ियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। चीफ कोच प्रदीप कुमार व पलिया कोच अरुण तिवारी ने सभी ताइक्वांडो खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

### गोवत्स द्वादशी पर महिलाओं ने गाय व बछड़े की पूजा की



**संसारपुर खीरी।** गोवत्स द्वादशी पर्व पर महिलाओं ने गाय व बछड़े की पूजा कर अपनी संतान की दीर्घायु की कामना की। कस्बा संसारपुर व आस– पास क्षेत्र में गोवत्स द्वादशी (बछ बारस) पर्व परंपरानुसार मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंम्परिक गाय व बछड़े की पूजा अर्चना कर अपनी संतान के लिए दीर्घायु की कामना की। हिन्दु धार्मिक ग्रन्थो के अनुसार मान्यता है कि गौ के साथ उसके बछडे की पूजा करने से घर मे धन धान्य की बढोत्तरी व पुत्र कामना के चलते गो वत्स दुआदशी को कई पूजा हिन्दुओ के परिवारो मे की जाती है। दिनाँक 28 अक्टूबर दिन सोमवार को गौ वत्स दुआदशी के उपलक्ष्य कस्बा संसारपुर में व निकटवर्ती गांव कपरहा मे सेवा निवृत्त आध्यापक जगत नारायण शुक्ला के यहां पीपल के बृक्ष के नीचे गौ और उसके बछडे को खडा कर उसका पूजन अर्चन कर आरती की गई। इस अवसर पर गांव क्षेत्र की दर्जनो महिलाओ ने ताजे धान के चूरे और ताजी गुड का भोग लगाकर गौ व उसके साथ बछडे की पूजा अर्चन कर प्रसाद ग्रहण किया।

# 10 मिनट देरी से पहुंचने पर बैठक निरस्त, नाराज आठ सभासद धरने पर बैठे

**मैलानी खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में 10 मिनट देरी से पहुंचने पर बैठक निरस्त होने से नाराज आठ सभासद नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी कार्यालय में ही धरने पर बैठ गए। देर शाम उपजिलाधिकारी विनोद गुप्ता के पहुंचने पर आठ सभासदो ने ज्ञापन देकर धरने को समाप्त किया।

चैयरपर्सन कीर्ति माहेश्वरी ने सोमवार को समय 11 बजे नगर पंचायत कार्यालय में बोर्ड की बैठक आहुत की । चैयरपर्सन और चार सदस्य बैठक में समय से पहुंचे जबकि आठ सदस्य राशिद हुसैन, कुसमा देवी,दलीप कुमार सोनी,विकास कुमार,गीता देवी,अजित यादव, ममता देवी,रामशंकर थोड़ी देर से पहुँचे ।सभासदो ने आरोप लगाया कि चैयरपर्सन कीर्ति माहेश्वरी ने 11 बजकर 10 मिनट पर बोर्ड की बैठक को निरस्त कर दिया ।सभासदो ने ये आरोप लगाया कि नगर पंचायत सभागार में आठो सभासद 11 बजकर 05 मिनट पर पहुँच गए थे । सभागर में चैयरपर्सन और अधिशासी अधिकारी मौजूद नहीं थे ।कुछ समय बाद कार्यालय के बाबू तोशीफ शाह ने अवगत करवाया की बैठक को निरस्त कर दिया गया है ।जिसका विरोध आठ सभासदो ने अधिशासी अधिकारी राजेश चौधरी से कहा की इसे पहले की बैठकों में अधिशासी अधिकारी और चैयरपर्सन के लेट होने पर कभी ऐसा नहीं हुआ और सभासदो ने उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर करवाने के लिए कहा लेकिन काफ़ी समय बीत जाने पर भी उपस्थिति पंजिका उपलब्ध ना करवाने पर सभासद क्षुब्ध होकर कार्यालय में ही धरने पर बैठ गए । अधिशासी अधिकारी ने धरने की सूचना अपर जिलाधिकारी की दी । उपजिलाधिकारी विनोद कुमार गुप्ता शाम 4 बजकर 15 मिनट पर नगर पंचायत कार्यालय पहुँचे और सदस्यों से समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की ।सदस्यों ने नगर में जल भराव,लाइट,साफ सफाई जैसी छोटी छोटी समस्या का हल नहीं हो पा रहा है। उपजिलाधिकारी ने सदस्यों से ज्ञापन लिया जिसके बाद आठ सभासदो ने धरने को समाप्त किया।

## बर्थडे पार्टी में चार युवकों पर लड़की के साथ खींचतान का आरोप

**सिंगाही खीरी।** थाना क्षेत्र के गांव भैरमपुर में एक बर्थडे पार्टी में शामिल होने गए दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर चार मनचले लड़के बर्थडे पार्टी में भीड़भाड़ का फायदा उठाकर गांव की एक लड़की के साथ एकानंत मे छीटा काशी करते पकड़े गए हैं। ग्राम के पूर्व प्रधान की सूचना पर पहुंची सिंगाही पुलिस ने भैरमपुर पहुंचकर चारों को अपनी हिरासत में लिया है जिसमें एक लड़का कस्बा सिंगाही, व तीन लड़के ग्राम सिंगहा खुर्द के बताए जा रहे हैं। पुलिस ने दो मोटर साइकिल यूपी31 बीएम2298 व यूपी 31बीए8756 को हिरास्त मे लिया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम भैरमपुर में एक बर्थडे पार्टी में पार्टी में संदीप गुप्ता निवासी सिंगहा खुर्द अमित गौतम निवासी सिंगहा खुर्द संदीप कुमार कस्बा सिंगाही अपने एक अन्य साथी के साथ दो भाइयों पर सवार होकर बर्थडे पार्टी में शामिल होने गए थे वही भीड़ भाड़ का फायदा उठाकर एक लड़की को एकांत ने पकड़ उसके साथ छिटाकशी करने लगे तभी लड़की के पास इनके किसी ने देख लिया वहां मौजूद लोगों ने इनको पकड़ लिया पूर्व ग्राम प्रधान वीरेंद्र सिंह ने सिंगाही पुलिस को फोन पर सूचना दी। सिंगाही थाना अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए और चारों लड़कों को बाइकों के साथ पकड़ कर अपनी हिरासत में ले लिया। बर्थडे पार्टी में नाबालिक किशोरी के साथ हुई छीटा कसी की घटना सोशल मीडिया पर खूब जमकर वायरल हुई है। सिंगाही थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि मारपीट हुई थी। भैरमपुर से पकड़े गए तीन लड़कों का चालान शांति भंग में कर दिया गया है।

## परम विद्वान आचार्यों द्वारा कराए गए विभिन्न प्रकार के संस्कार



**मितौली खीरी।** पिपरझला क्षेत्र के ग्राम कैमा निमचेनी स्थित विद्यालय प्रांगण में चल रहे विराट 5 कुंडीय नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा को श्रवण कर श्रद्धालु भक्त भाव विभोर हो गए। साथ ही विद्वान आचार्यो द्वारा विभन्न प्रकार के संस्कार कराए गए जैसे पुंसवन संस्कार, विद्यारम्भ, नामकरण संस्कार व अन्नप्राशन आदि संस्कार मंत्रोच्चारण के साथ कराए गए। विराट 5 कुंडीय नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ के तीसरे और चौथे दिन भी हर रोज की तरह सुबह कई पारियों में श्रद्धालु भक्तों ने यज्ञ भगवान को आहुतियां प्रदान की गई। 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पूराण कथा युग ऋषि वेद मूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं परम बन्दनीया माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण व ऋषि तंत्र के मार्गदर्शन में मानव मात्र को विश्वव्यापी संकटों से उबारने एवं सही रास्ते पर चलने का सन्मार्ग मिल सके। इसी मंगलमय उद्देश को लेकर गांव में 5 कुंडीय गायत्री महा यज्ञ हरिद्वार से आये हुए प्रशिक्षित विद्वान आचार्यो द्वारा कराई गई।इसमें अपनी अपनी श्रद्धा,भावना व निष्ठा जोड़ते हुए यज्ञ भगवान से मंगलमय प्रार्थना के साथ आहुतियां समर्पित की गई।

# शिवम की काव्य कृति 'भारत की नारियां' का हुआ विमोचन

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



नव उमंग साहित्य समिति द्वारा क्षेत्र के सरैंया तेजवापुर में सुप्रसिद्ध पत्रकार कवि सामाजिक कार्यकर्ता सुनील कुमार वाजपेयी शिवम् की काव्य कृति भारत की नारियां का विमोचन समारोह पूर्वक हुआ। समारोह में सेमरौता अमेठी के कवि सुशील चंद्र पाण्डेय के खण्ड काव्य रुक्मिणी मंगल पत्रम् का भी विमोचन हुआ।

सरैंया तेजवापुर के भुईंहारे बाबा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा पुस्तक प्रकाशन योजना के तहत अनुदानित सुनील कुमार वाजपेयी शिवम् की काव्य कृति भारत की नारियां के अलावा रुक्मिणी मंगल पत्रम् का विमोचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'अवधी मधुरस' (सेवा निवृत्त पीसीएस), माता प्रसाद अवस्थी (सेवा निवृत्त उप बेसिक शिक्षा अधिकारी), शायर कण्व कुमार मिश्र 'इश्क सुल्तानपुरी',वेद प्रकाश सिंह 'प्रकाश', जमुना प्रसाद पाण्डेय 'अबोध', शिव सिंह 'शिव', रवि मिश्र, संत प्रसाद 'जिज्ञासु' व कवियत्री सुधा सिंह 'सुधा' के कर कमलों से हुआ। जगदम्बा तिवारी 'मधुर' के संचालन में हुए विमोचन कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि ज्ञानेन्द्र पाण्डेय अवधी मधुरस सहित सभी वक्ताओं ने कहा कि सुनील कुमार वाजपेयी शिवम् की पहली व्यक्तिगत काव्य कृति भारत की नारियां साहित्य जगत की एक अनूठी व गरिमा पोषकी घनाक्षरी संसृत काव्य कृति है जो नारियों के मान सम्मान को बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगी। क्योंकि भारत की नारियां काव्य कृति मे वैदिक व पौराणिक काल से लेकर मुगल तथा आधुनिक काल के नारियों का उल्लेख नारी के शक्ति, शौर्य, बलिदान, उपलब्धियों, जौहर, देवदासी प्रथा,सती प्रथा जैसी विसंगतियों से जूझने जैसी स्थितियों का उल्लेख कर रचनाकार ने समाज को नारी शक्ति का परिचय कराया है जो अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है।वहीं सुशील पाण्डेय के खण्ड काव्य रुक्मिणी मंगल पत्रम् को संदर्भित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यह साहित्य प्रेमियों को आध्यात्मिक रूप से आनन्दित करने में सफल होगी क्योंकि इसमें श्री कृष्ण एवं रुक्मिणी जी का निश्छल सात्विक अनन्य प्रेम को रचनाकार ने शब्दशः परिलक्षित किया है। विमोचन अवसर पर साहित्यकार श्रवण बाजपेयी, दिलीप सिंह दीपक,सत्यनाम प्रेमी,सौरभ वर्मा, जितेन्द्र त्रिवेदी पार्थ, रत्नेश, नवल किशोर वर्मा,नवनीत वर्मा, सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक व साहित्य प्रेमी मौजूद रहे। इससे पूर्व कार्यक्रम में मोहित कुमार वर्मा व प्रेम शंकर वर्मा ने आए हुए कवि व अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया जबकि कवि सुनील कुमार वाजपेयी शिवम् व सुशील चंद्र पाण्डेय ने सभी अतिथियों का आभार जताया।

## मारपीट का मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी।** गांव के होटल पर बैठे एक व्यक्ति को लात घूसों से मारा पीटा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी पीड़ित ने थाना जैदपुर में शिकायती पत्र देते हुए कार्यवाही की मांग की है। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

मामला टेरा गांव का है जहां के इस्तियाक पुत्र मो0 नसीम ने थाना जैदपुर में शिकायत करते हुये आरोप लगाया है। कि वो गांव के कल्लू के होटल पर बैठा कि अफजाल पुत्र वसीम ने गंदी गंदी गालियां देते हुये लात घूसों व डंडों से मारने लगा। जिसका विरोध किया तो जान से मारने की धमकी भी दी गयी। पीड़ित की शिकायत पर जैदपुर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

# लोकतंत्र में ऑक्सीजन की तरह पत्रकारिता का महत्व: बैजनाथ रावत

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**




जिस तरह जीवन के लिए ऑक्सीजन का महत्व है उसी तरह लोकतंत्र में पत्रकारिता का महत्व है। लेखनी से लोगों की मदद करना, लोगों की आवाज बनना, सरकार और आम जन के बीच संवाद कायम करने जैसे महत्वपूर्ण काम करते रहते हैं।

उक्त विचार मुख्य अतिथि बैजनाथ रावत अध्यक्ष अनुसूचित जाति जनजाति आयोग उत्तर प्रदेश ने देवा मेला में मीडिया कैम्प 2024 के समापन समारोह में व्यक्त किये। मा. अध्यक्ष ने पत्रकार बंधुओ को जिम्मेदारी का एहसास कराते हुए कहा कि आजादी के आंदोलन में भी अखबारों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही है। और आज भी दूरदराज के वंचित पीड़ित की आवाज बनने का काम कर रहे हैं। देवा मेला में आयोजित दस दिवसीय मीडिया कैम्प में अनेक गतिविधियों के आयोजन होते रहे हैं अंतिम दिवस पत्रकार हरिप्रसाद वर्मा स्मृति ओपन कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जूनियर वर्ग में अरमान व आदर्श सैनी, सीनियर वर्ग में मुकेश वर्मा व रमेश चंद्र रावत, पत्रकार वर्ग में बलमीत सिंह सरदार व अशरफ अल्वी विजेता रहे। विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र मुख्य अतिथि के कर कमलों से वितरित किये गए तथा पत्रकारिता में क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने व मीडिया कैम्प में सक्रिय सहभाग हेतु भी मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मेलार्थियों के लिए अखबार वाचन हेतु सभी अखबार उपलब्ध कराकर मीडिया कैम्प को जनउपयोगी बनाया गया जो कि विशेष चर्चा का विषय रहा है।

## घर के अंदर रस्सी से लटकता मिला युवक का शव

**जैदपुर, बाराबंकी।** ग्राम पंचायत पनिहल में एक युवक का शव उसके घर के अंदर रस्सी से लटकता हुआ मिला। यह घटना रविवार को तब सामने आई जब मां खेत से लौटकर घर आई और बेटे का शव देखकर दंग रह गई। मृतक की पहचान 27 वर्षीय तुफैल के रूप में हुई है, जो हसन यार का बेटा था। तुफैल की पत्नी से विवाद के बाद वह मायके चली गई थी। मां ने कहा कि उसका पति-पत्नी में अक्सर विवाद होता था। जब मां धान काटने के बाद घर लौटी, तो उसने बेटे का शव कमरे में लटका देखा। उसकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह ने बताया कि पनहिल में एक युवक का शव घर के अंदर कमरे में रस्सी से लटकता हुआ पाया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच पड़ताल जारी है।

# तीसरी सरकार अभियान के तहत आयोजित किये गए लोक विमर्श कार्यक्रम

- ग्राम सभा की शक्तियों, सदस्यों के अधिकार व कर्तव्यों को लेकर विमर्श

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

तीसरी सरकार अभियान के तहत बिरजू संस्थान द्वारा जिले की 10 ग्राम पंचायतों में लोक विमर्श का आयोजन किया गया।

स्थानीय सहयोग से आयोजित लोक विमर्श के इस शोध कार्य को इंडिया पंचायत फाउंडेशन तथा पंचपरमेश्वर विद्यापीठ के सहयोग से किये गए। पंचायत का स्वशासन, पंचायत विकास की विकास योजना, पंचायत समितियों के कार्य एवं दायित्व ग्राम सभा की शक्तियों आदि विषयों पर सभी प्रतिभागियों ने गहनता से चर्चा कर अपने-अपने विचार साझा किए।

गौरतलब है कि ग्राम सभा से सम्बंधित इस शोध कार्य हेतु उत्तर प्रदेश के अधिनियम के गहन व विश्लेष्णात्मक अध्ययन के साथ-साथ देश के अन्य प्रमुख 9 राज्यों (बिहार, उत्तराखण्ड, केरल, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान तथा जम्मू कश्मीर) के अधिनियम के प्रावधानों का भी तुलनात्मक अध्ययन किया गया है, शोध कार्य को और अधिक व्यापक तथा प्रमाणिक बनाने के लिए सामाजिक संगठनों के प्रमुख, पंचायत प्रतिनिधियों, ग्राम सभा के सदस्यों, शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधि, स्थानीय युवा मण्डल, महिला मण्डल, कृषक मण्डल, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों का प्रत्यक्ष सुझाव प्राप्त करने के लिए ग्राम पंचायतों का क्लस्टर बनाकर प्रत्यक्ष विचार आमंत्रित किये जा रहे हैं।



विमर्श में प्रतिभागियों द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव सामने आये। इस अवसर पर उपस्थित लोक विमर्श के समन्वयक रत्नेश कुमार ने बताया कि इस विमर्श के माध्यम से हमारा उद्देश्य ग्राम सभा के सम्मानित जागरूक नागरिकों को, प्रतिनिधियों को विभिन्न राज्यों में ग्राम सभा के कार्य एवं संव्यवहार से सम्बंधित प्रावधानों और नीतिगत सिफारिशों के बारे में सूचना प्रदान करना एवं ग्राम सभा से सम्बंधित विषयों पर सामूहिक चर्चा के द्वारा लोकमत तैयार करना है। सह समन्वयक अंचल कुमार ने विमर्श में बताया कि ग्राम सभा पंचायत की विधायिका है, प्रत्येक मतदाता ग्राम सभा का सदस्य है, उसे लाभार्थी से ऊपर उठकर नागरिक विधायिका के सदस्य के रूप में विमर्श करना चाहिए। लोक विमर्श का यह कार्यक्रम मसौली ब्लॉक के ग्राम पंचायत मुबारकपुर में प्रधान कांति देवी व प्रतिनिधि विनोद कुमार के सहयोग से, बंकी ब्लॉक के दराहरा में समाजसेवी इंद्रपाल एवं हरख ब्लॉक के ग्राम पंचायत वजीउद्दीनपुर मे ,ग्राम प्रधान शीताकांत विश्वकर्मा,वार्ड सदस्य रामू के सहयोग से, ग्राम पंचायत बसबरौली में, ग्राम पंचायत सहायक जूली व विमलेश कुमार ,सुनीता देवी पवन कुमार, भोला कुमार , लवकुश कुमार के सहयोग से आयोजित किये गए। ब्लॉक हरख के ग्राम पंचायत मानपुर में लोक विमर्श कार्यक्रम वार्ड सदस्य दिनेश कुमार, छाया कुमारी, बंशीलाल सहित एसएचजी की महिलाओं का सहयोग रहा। ग्राम पंचायत नानमऊ में स्वयं सेवक इंद्रपाल, प्रधान सुधीर कुमार वर्मा, पंचायत सहायक विनय यादव सहित गांव के तमाम लोगों ने सहभागिता की। विकासखंड सिद्धौर के ग्राम पंचायत अजौवा में वार्ड सदस्य हृदय नारायन, रामलाल, विश्राम, वीरेन्द्र कुमार, रंजीत कुमार, मीना कुमारी, सरोज कुमारी,सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने विमर्श में भाग लिया। मसौली के ग्राम पंचायत रहरामऊ में स्वयं सेवक इंद्रपाल, वार्ड सदस्य सरवन व ग्रामीण कुलदीप कुमार, सूर्य प्रताप, रियाज, अमन, विकास, मालती देवी सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने चर्चा में हिस्सा लिया। वहीं ग्राम पंचायत बांसा में रामपाल, चंद्रावती, पलक, शगुन व समूह की महिलाओं का विशेष सहयोग रहा। सिरौलीगौसपुर के ग्राम पंचायत किठुरी में समन्वयक अंचल कुमार, ग्राम प्रधान अमरेश कुमार, वार्ड सदस्य नरेन्द्र कुमार व राजू विकास, राम रूप मिश्रा, रामतेज, संगीता, रोली देवी की विशेष सहभागिता रही। हरख के ग्राम पंचायत नानमऊ, बंकी के ग्राम पंचायत दुल्हीपुर सहित 10 ग्राम पंचायतों में लोक विमर्श के कार्यक्रम आयोजित किये गए।

## सूचना

पूर्व में मेरा नाम नूरुल हसन Noorul Hasan था । जो मैंनेअब बदल कर अब नुरुल हसन Nurul Hasan रख लिया है। अब मुझे भविष्य में इसी नाम से सभी प्रयोजनों तथा उद्देश्य के लिए जाना तथा पहचाना जाए ।

मै नुरुल हसन Nurul Hasan पुत्र अब्दुल हसन S/O Abdul Hasan म. नं. 0512 हैदर गढ़ रोड, हज़ारा बाग़, नवाब गंज - बाराबंकी ,यू.पी., पिनकोड 225001।

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें





हरीशचन्द्र वर्मा

अमित कुमार वर्मा

हरीशचन्द्र अमित कुमार सर्राफ

24 कैरेट शुद्ध सोने के आभूषण हर समय उपलब्ध

नेहरु रोड, फर्रुखाबाद

सभी क्षेत्रवासियों को धनतेरस दिवाली एवं भाईदूज की हार्दिक शुभकामनायें





विमल यादव

प्रधान ग्राम पंचायत वैरमपुर,

विकास खण्ड शमशाबाद

प्रदेश प्रमुख महासचिव कृष्णवाहिनी

प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य शमशाबाद प्रथम

## धमकियों की उड़ान

यह सवाल हर भारतीय को परेशान कर रहा है कि भारतीय एयरलाइन्स के जहाजों को लेकर दी जा रही धमकियों की यह बाढ़ सी क्यों आ रही है? आखिर फ्लाइट्स को डिजिटली धमकी देने वालों तक हमारा खुफिया तंत्र क्यों नहीं पहुंच पा रहा है? बार-बार मिलने वाली फर्जी धमकियों से जहां इन विमानन कंपनियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है, वहीं यात्रियों को उड़ान में देरी व सुरक्षा जांच के चलते भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विमानन कंपनियों के आर्थिक नुकसान व यात्रियों पर मानसिक दबाव के मद्देनजर जो तत्परता सरकार की तरफ से दिखायी जानी चाहिए थी,वो नजर नहीं आ रही है। इस घटनाक्रम से आम यात्रियों में हवाई यात्रा को लेकर असुरक्षाबोध पैदा हो रहा है। हालांकि, अधिकांश धमकियां फर्जी ही निकली हैं, लेकिन इन अपराधियों तक पहुंचना जरूरी है। चिंता यह भी कि यदि भविष्य में किसी आतंकी साजिश के प्रति कोई वास्तविक सचेतक सूचना भी आएगी तो संभव है, उसे गंभीरता से न लिया जाए। अतरू हर स्तर पर सावधानी बरती जानी जरूरी है। वहीं ऐसी हरकत करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफसख्त कार्रवाई करने की जरूरत है। इस तरह लगातार मिल रही धमकियों की वजह से निरंतर फ्लाइट्स देर से उड़ान भर रही हैं, यात्री और उनके परिजन परेशान हो रहे हैं। विमानन कंपनियों को अपनी फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ रही हैं। ऊपरी तौर पर ऐसे घटनाक्रम का आर्थिक नुकसान विमानन कंपनियों को हो रहा है, लेकिन बाद में उसका असर आखिर यत्रियों की जेब पर ही पड़ना स्वाभाविक है। कुल मिलाकर नुकसान देश का ही है। लेकिन सरकार की तरफसे ऐसा संकेत नहीं मिल रहा है कि इससे निपटने के लिये कोई बड़ी व कड़ी कार्रवाई की जा रही है। कमोबेश ऐसी ही स्थिति ट्रेनों के मार्ग पर लगातार अवरोधक लगाने की घटनाओं से भी सामने आई है। जिसके सामने तंत्र लाचार नजर आता है। सरकार को समझना चाहिए कि ऐसे अफरा-तफरी के माहौल से विमानन कंपनियों की सेवा व सुरक्षा व्यवस्था के प्रति लोगों में अविश्वास पैदा होता है। वास्तव में होना तो यह चाहिए कि हमारी सुरक्षा व्यवस्था इतनी चाक-चौबंद हो कि ऐसी फर्जी धमकियों पर विचलित होने के बजाय उड़ानों का संचालन सहज ढंग से हो सके। कहीं न कहीं हमारे तंत्र में आत्मविश्वास की कमी की वजह से भी ऐसी अफरा-तफरी मचती है। हमारा सुरक्षा तंत्र इतना लचर भी नहीं होना चाहिए कि एक फर्जी धमकी से हम भयभीत हो जाएं। किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। देखना यह भी जरूरी है कि फर्जी धमकी देने वाले सुरक्षित कैसे बच रहे हैं। लगातार विस्तार पाती डिजिटल दुनिया में होने वाले साइबर अपराधों की तह तक पहुंचने वाला हमारा तंत्र कमजोर क्यों नजर आ रहा है। क्यों हम धमकी भेजने वाले के ई-मेल पते को ट्रेस नहीं कर पा रहे हैं। आधुनिक तकनीक से डिजिटल निगरानी को वक्त की जरूरतों के हिसाब से तैयार किया जाना चाहिए।

# दीपावली का सांस्कृतिक, धार्मिक व आर्थिक महत्व

**डॉ. सौरभ मालवीय**



**धनतेरस के दिन धातु की वस्तु क्रय करना अति शुभ माना जाता है। इस दिन तुलसी या गृह के द्वार पर दीप प्रज्ज्वलित किया जाता है। नरक चतुर्दशी के दिन यम की पूजा के लिए दीप प्रज्ज्वलित किए जाते हैं। दीपावली के दिन देवी लक्ष्मी की पूजा की जाती है। मान्यता है कि ऐसा करने से गृह धन-धान्य एवं समृद्धि से भरा रहता है। गोवर्धन पूजा के दिन लोग गाय एवं बैलों को सजाते हैं तथा गोबर का पर्वत बनाकर उसकी पूजा-अर्चना करते हैं। इसीलिए इसे गोवर्धन पूजा कहा जाता है। भैया दूज पर बहन अपने भ्राता के माथे पर तिलक लगाकर उसके लिए मंगलकामना करती है। इस दिन यमुना नदी में स्नान करने की परंपरा भी प्राचीन काल से चली आ रही है।**

दीपावली अंधकार पर प्रकाश की जीत का पर्व है। दीपावली का अर्थ है- दीपों की पंक्तियां। दीपावली शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के दो शब्दों दीप एवं आवली से हुई है। यह त्यौहार कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाता है। दीपावली एक दिवसीय त्यौहार नहीं है। इसमें कई त्यौहार सम्मिलित हैं, जो एक-दूसरे से संबद्ध हैं जैसे धन त्रयोदशी अर्थात धनतेरस, नरक चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैया दूज। इसीलिए इसे दीपावली महोत्सव अर्थात दीपोत्सव भी कहा जाता है। यह महोत्सव भारत सहित विश्व के हिंदू बहुल क्षेत्रों में कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी से शुक्ल पक्ष की दूज तक हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया जाता है।

धनतेरस के दिन धातु की वस्तु क्रय करना अति शुभ माना जाता है। इस दिन तुलसी या गृह के द्वार पर दीप प्रज्ज्वलित किया जाता है। नरक चतुर्दशी के दिन यम की पूजा के लिए दीप प्रज्ज्वलित किए जाते हैं। दीपावली के दिन देवी लक्ष्मी की पूजा की जाती है। मान्यता है कि ऐसा करने से गृह धन-धान्य एवं समृद्धि से भरा रहता है। गोवर्धन पूजा के दिन लोग गाय एवं बैलों को सजाते हैं तथा गोबर का पर्वत बनाकर उसकी पूजा-अर्चना करते हैं। इसीलिए इसे गोवर्धन पूजा कहा जाता है। भैया दूज पर बहन अपने भ्राता के माथे पर तिलक लगाकर उसके लिए मंगलकामना करती है। इस दिन यमुना नदी में स्नान करने की परंपरा भी प्राचीन काल से चली आ रही है। माना जाता है कि ऐसा करने से सभी पापों का नाश होता है तथा पुण्य की प्राप्ति होती है।

दीपावली का संबंध मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम से भी है। रामायण के अनुसार दीपावली के दिन श्रीरामचंद्र 14 वर्ष के वनवास के पश्चात अपने राज्य अयोध्या लौटे थे। उन्होंने लंका नरेश रावण का वध करके अपनी पत्नी सीता को स्वतंत्र करवाया था। उनके परिवारजनों एवं प्रजा के लिए यह दोहरी प्रसन्नता का विषय था। इसलिए उनके स्वागत में अयोध्यावासियों ने घी के दीप प्रज्ज्वलित करके अपनी प्रसन्नता एवं श्रद्धा व्यक्त की थी। तभी से दीपावली का त्यौहार मनाया जा रहा है। महाभारत के अनुसार दीपावली के दिन ही बारह वर्षों के वनवास एवं एक वर्ष के अज्ञातवास के पश्चात पांडव हस्तिनापुर वापस आए थे। यह भी मान्यता है कि दीपावली का त्यौहार भगवान विष्णु की पत्नी देवी लक्ष्मी से संबंधित है। दीपावली का पांच दिवसीय महोत्सव देवताओं एवं राक्षसों द्वारा समुद्र मंथन से पैदा हुई लक्ष्मी के जन्म दिवस से प्रारंभ होता है। समुद्र मंथन से प्राप्त चौदह रत्नों में देवी लक्ष्मी भी एक थीं। इनका प्रादुर्भाव कार्तिक मास की अमावस्या को हुआ था। उस दिन से कार्तिक की अमावस्या देवी लक्ष्मी के पूजन का त्यौहार बन गई। इसीलिए दीपावली पर देवी लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की जाती है। दीपावली की रात्रि को देवी लक्ष्मी ने अपने पति के रूप में भगवान विष्णु का वरण किया था। मान्यता है कि इस दिन देवी लक्ष्मी प्रसन्न रहती हैं। जो लोग इस दिन देवी लक्ष्मी की पूजा-अर्चना करते हैं, उन पर देवी की विशेष कृपा होती है। इस दिन लोग लक्ष्मी के साथ-साथ शिव-पार्वती पुत्र गणेश, विद्या की देवी सरस्वती एवं धन के देवता कुबेर की भी पूजा-अर्चना करते हैं। उनका मानना है कि ऐसा करने से धन में वृद्धि होगी तथा उसका सदुपयोग होगा। यह भी मान्यता है कि दीपावली के दिन भगवान विष्णु अपने बैकुंठ धाम में वापस आए थे तथा बैकुंठ में हर्षोल्लास छा गया था।

दीपावली का त्यौहार श्रीकृष्ण से भी संबद्ध है। माना जाता है कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने राजा नरकासुर का वध करके प्रजा को उसके अत्याचारों से मुक्त करवाया था। एक पौराणिक कथा के अनुसार भगवान विष्णु ने नरसिंह रूप धारण कर हिरण्यकश्यप का वध किया था। यह भी कहा जाता है कि इसी दिन समुद्र मंथन के पश्चात धन्वंतरि प्रकट हुए। वे भगवान विष्णु के चौबीस अवतारों में से एक माने जाते हैं। वे आयुर्वेद के जनक माने जाते हैं। दीपावली का त्यौहार देशभर में विभिन्न रूपों में मनाया जाता है। पश्चिम बंगाल एवं ओडिशा में दीपावली काली पूजा के रूप में मनाई जाती है। इस दिन यहां के हिंदू देवी काली की पूजा-अर्चना करते हैं। उत्तर प्रदेश के मथुरा एवं उत्तर मध्य क्षेत्रों में इसे भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ा पर्व माना जाता है। इसलिए यहां गोवर्धन पूजा या अन्नकूट ला विशेष महत्व है। इस दिन श्रीकृष्ण के लिए छप्पन या एक सौ आठ स्वादिष्ट व्यंजनों का भोग लगाया जाता है। सभी व्यंजन शुद्ध भारतीय होते हैं। दीपावली का ऐतिहासिक महत्व भी उल्लेखनीय है। कई महापुरुषों से भी दीपावली का संबंध है। स्वामी रामतीर्थ का जन्म एवं महाप्रयाण दोनों दीपावली के दिन ही हुआ था। उन्होंने दीपावली के दिन गंगातट पर स्नान करते समय समाधि ली थी। आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद ने दीपावली के दिन अवसान लिया था। जैन एवं सिख समुदाय के लोगों के लिए भी दीपावली अत्यंत महत्वपूर्ण है। जैन समाज के लोग दीपावली को महावीर स्वामी के निर्वाण दिवस के रूप में मनाते हैं। जैन धर्म के मतानुसार चौबीसवें तीर्थंकर महावीर स्वामी को इस दिन मोक्ष की प्राप्ति हुई थी।

इसी दिन संध्याकाल में उनके प्रथम शिष्य गौतम गणधर को केवल ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। जैन धर्म के मतानुसार लक्ष्मी का अर्थ है निर्वाण और सरस्वती का अर्थ है ज्ञान। इसलिए प्रातःकाल जैन मंदिरों में भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण उत्सव मनाया जाता है। सिख समुदाय के लिए दीपावली का दिन इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी दिन अमृतसर में स्वर्ण मंदिर का शिलान्यास हुआ था। दीपावली के दिन ही सिखों के छठे गुरु हरगोबिन्द सिंह जी को जेल से रिहा किया गया था। वास्तव में दीपावली एक प्रकार से सामाजिक त्यौहार है, क्योंकि समाज के विभिन्न संप्रदायों के लिए इसका भिन्न-भिन्न महत्व है। जो लोग इस त्यौहार को मनाते हैं, उनके लिए इसका धार्मिक महत्व है। किंतु जो लोग व्यापार आदि से जुड़े हैं, उनके लिए इसका आर्थिक महत्व है।

दीपावली स्वच्छता एवं साज-सज्जा का भी पर्व है। दीपावली से पूर्व लोग अपने घरों एवं दुकानों आदि की सफाई करते हैं। घरों में मरम्मत एवं रंग आदि का कार्य कराते हैं। दीपावली वर्षा ऋतु के पश्चात आती है। वर्षा ऋतु में घरों में कीड़े-मकौड़े हो जाते हैं। इसलिए भी सफाई अति आवश्यक है। घरों में रंगोली बनाई जाती है तथा दीप प्रज्ज्वलित किए जाते हैं। घरों व अन्य भवनों को बिजली के रंग-बिरंगे बल्बों की लड़ियों से सजाया जाता है। बच्चे एवं बड़े पटाखे छोड़ते हैं। बहुत से लोग आकाश में कंदील छोड़ते हैं। दीपावली पर खेतों में खड़ी फसल पकनी शुरू होने लगती है, जिसे देखकर किसान प्रसन्न हो उठते हैं।

## विचार

# अखिलेश की चमक 2024 के लोकसभा चुनाव से भी ज्यादा

**डॉ. ज्ञान पाठक**



**भाजपा 9 में से 8 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि एक सीट एनडीए की सहयोगी राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) को दी गयी है। कुंदरकी से रामवीर सिंह ठाकुर, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, खैर (एससी) से सुरेंद्र दिलेर, करहल से अनुजेश यादव, फूलपुर से दीपक पटेल, कटेहरी से धर्मराज निषाद, मझवां से सुचिस्मिता मौर्य और सीसामऊ से सुरेश अवस्थी को टिकट दिया गया है। इनमें से फूलपुर, गाजियाबाद और खैर पर भाजपा ने 2022 के चुनाव में जीत दर्ज की थी, जबकि मझवां पर एनडीए की सहयोगी निषाद पार्टी ने जीत दर्ज की थी।**

उत्तर प्रदेश में सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनावों के लिए एनडीए और इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवारों की घोषणा के साथ, अब चुनावी रणभूमि में मुख्य प्रतियोगियों को देखा जा सकता है, और उनकी संबंधित ताकत और कमजोरियों का आकलन भी किया जा सकता है, जिसकी सफलता या विफलता योगी आदित्यनाथ के भाग्य का फैसला कर सकती है- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में, और साथ ही भाजपा के भावी प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में भी। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को मिली अपमानजनक हार के बाद, योगी आदित्यनाथ को प्रदेश भाजपा के कुछ प्रमुख नेताओं से विद्रोह का सामना करना पड़ रहा है, जो विफलता के लिए उन्हें बलि का बकरा बनाने की मांग कर रहे थे।

हालांकि, योगी आदित्यनाथ ने उन पर अपना प्रभुत्व साबित कर दिया, जिन्हें अप्रत्यक्ष रूप से कुछ केंद्रीय भाजपा नेताओं का समर्थन प्राप्त था। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने तब कहा था कि उपचुनाव खत्म होने तक श्कोई बदलावश् नहीं किया जायेगा। उन्होंने वास्तव में केंद्रीय भाजपा की मंशा को ही उजागर दिया था कि अगर योगी आदित्यनाथ को उम्मीदवारों का चयन करने और अपने तरीके से प्रचार करने की खुली छूट दी जाये तो यह स्पष्ट होगा कि वे उपचुनावों में क्या कर सकते हैं और तब उनकी ताकत का अंदाजा लग जायेगा। यह भी याद रखने लायक है कि योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा की हार के लिए पार्टी नेताओं के अति आत्मविश्वास और अलोकप्रिय उम्मीदवारों को बार-बार खड़ा करने को जिम्मेदार ठहराया था।

पहला आरोप राज्य भाजपा में उनके विरोधी समूह पर लक्षित था, और दूसरा आरोप केंद्रीय भाजपा नेतृत्व पर लक्षित था। अब उपचुनाव आ गये हैं, और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चुनाव प्रचार के प्रबंधन और पार्टी टिकट देने में पूरी छूट दे दी गयी है। इसलिए 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव का परिणाम योगी आदित्यनाथ के राजनीतिक भाग्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा।

भाजपा 9 में से 8 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि एक सीट एनडीए की सहयोगी राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) को दी गयी है। कुंदरकी से रामवीर सिंह ठाकुर, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, खैर (एससी) से सुरेंद्र दिलेर, करहल से अनुजेश यादव, फूलपुर से दीपक पटेल, कटेहरी से धर्मराज निषाद, मझवां से सुचिस्मिता मौर्य और सीसामऊ से सुरेश अवस्थी को टिकट दिया गया है। इनमें से फूलपुर, गाजियाबाद और खैर पर भाजपा ने 2022 के चुनाव में जीत दर्ज की थी, जबकि मझवां पर एनडीए की सहयोगी निषाद पार्टी ने जीत दर्ज की थी। चूंकि भाजपा इन सीटों पर चुनाव लड़ रही है, इसलिए पार्टी इन सीटों को बरकरार रखने के लिए समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों की कड़ी टक्कर का सामना कर रही है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव 2024 के लोकसभा चुनाव से ही उभरते सितारे हैं, इन सीटों पर भी उनके कार्यकर्ताओं का मनोबल काफी ऊंचा दिख रहा है, जो इन सीटों को भाजपा से छीनने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। एनडीए में भाजपा की सहयोगी रालोद की बात करें तो उसने मीरापुर से मिथिलेश पाल को मैदान में उतारा है। 2022 के विधानसभा आम चुनाव में भी रालोद ने इस विधानसभा सीट पर जीत दर्ज की थी। यह सीट मौजूदा विधायक चंदन चौहान के लोकसभा में निर्वाचित होने के बाद खाली हुई थी। मीरापुर ही नहीं, बल्कि 13 नवंबर को जिन 8 विधानसभाओं में उपचुनाव होने हैं, वहां मौजूदा विधायकों के लोकसभा में निर्वाचित होने और सीट खाली होने के कारण उपचुनाव जरूरी हो गये हैं। समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी को आपराधिक मामले में दोषी ठहराये जाने तथा अयोग्य घोषित किये जाने के कारण सीसामऊ सीट पर उपचुनाव जरूरी हो गया है।

भारत के निर्वाचन आयोग ने अदालती मुकदमे के कारण मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए उपचुनाव की घोषणा नहीं की। विपक्षी समाजवादी पार्टी ने सभी 9 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है और कांग्रेस चुनाव नहीं लड़ रही है। इंडिया ब्लॉक के प्रमुख घटक के रूप में कांग्रेस सिर्फ समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों का समर्थन कर रही है।

इसलिए, यह स्पष्ट है कि कोई भी नुकसान या लाभ समाजवादी पार्टी और उसके सुप्रीमो अखिलेश यादव का सीधा नुकसान या लाभ होगा। समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार हैं - करहल से तेज प्रताप यादव, सीसामऊ से नसीम सोलंकी, फूलपुर से मुस्तफा सिद्दीकी, कटेहरी से शोभावती वर्मा, मझवां से ज्योति बिंद, मेरापुर से सुम्बुल राणा, गाजियाबाद से सिंह राज जाटव, खैर से चारूकैन और कुंदरकी से मोहम्मद रिजवान। उपचुनाव वाली 9 सीटों में से चार - सीसामऊ, कटेहर, करहल और कुंदरकी - 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने जीती थीं।

## देवताओं को अमृतपान कराकर अमर किया था धन्वंतरि ने

**योगेश कुमार गोयल**

दीवाली से दो दिन पूर्व 'धनतेरस' नामक त्यौहार मनाया जाता है, जो इस वर्ष 29 अक्तूबर को को मनाया जा रहा है। धनतेरस के प्रचलन का इतिहास बहुत पुराना माना जाता है। यह त्यौहार कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को मनाया जाता है तथा इस दिन आरोग्य के देवता भगवान धन्वन्तरि एवं धन व समृद्धि की देवी लक्ष्मी का पूजन किया जाता है। धन्वंतरि को आयुर्वेद का देवता और देवताओं का चिकित्सक माना गया है, इसलिए धनतेरस को चिकित्सकों के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना गया है।

समुद्र मंथन के समय इसी दिन धन्वंतरि आयुर्वेद और अमृत लेकर प्रकट हुए थे। धनतेरस मनाए जाने के संबंध में जो प्रचलित कथा है, उसके अनुसार कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी के दिन देवताओं और असुरों द्वारा मिलकर किए जा रहे समुद्र मंथन के दौरान समुद्र से निकले नवरत्नों में से एक धन्वंतरि ऋषि भी थे, जो जनकल्याण की भावना से अमृत कलश सहित अवतरित हुए थे। धन्वंतरि ऋषि ने समुद्र से निकल कर देवताओं को अमृतपान कराया और उन्हें अमर कर दिया। यही वजह है कि धन्वंतरि को 'आरोग्य का देवता' माना जाता है और आरोग्य तथा दीर्घायु प्राप्त करने के लिए ही लोग इस दिन उनकी पूजा करते हैं। इस दिन मृत्यु के देवता यमराज के पूजन का भी विधान है और उनके लिए भी एक दीपक जलाया जाता है, जो 'यम दीपक' कहलाता है। एक बार यमराज ने अपने दूतों से प्रश्न किया कि क्या प्राणियों के प्राण हरते समय तुम्हें कभी किसी प्राणी पर दया भी आई? यह प्रश्न सुनकर सभी यमदूतों ने कहा, ''महाराज, हम सब तो आपके सेवक हैं और आपकी आज्ञा का पालन करना ही हमारा धर्म है। अतः दया और मोह-माया से हमारा कुछ लेना-देना नहीं है।'' यमराज ने उनसे जब निर्भय होकर सच-सच बताने को कहा, तब यमदूतों ने बताया कि उनके साथ एक बार वास्तव में ऐसी एक घटना घट चुकी है। यमराज ने विस्तार से उस घटना के बारे में बताने को कहा तो यमदूतों ने बताया कि एक दिन हंस नाम का एक राजा शिकार के लिए निकला और घने जंगलों में अपने साथियों से बिछुड़ कर दूसरे राज्य की सीमा में पहुंच गया। उस राज्य के राजा हेमा ने राजा हंस का राजकीय सत्कार किया और उसी दिन हेमा की पत्नी ने एक अति सुन्दर पुत्र को जन्म दिया लेकिन ज्योतिषियों ने भविष्यवाणी की कि विवाह के मात्र चार दिन बाद ही इस बालक की मृत्यु हो जाएगी। यह दुःखद रहस्य जानकर हेमा ने अपने नवजात पुत्र को यमुना के तट पर एक गुफा में भिजवा दिया और वहीं पर उसके लालन-पालन की शाही व्यवस्था कर दी गई और बालक पर किसी युवती की छाया भी नहीं पड़ने दी लेकिन विधि का विधान तो अडिग था। एक दिन राजा हंस की पुत्री घूमते-घूमते यमुना तट पर निकल आई और राजकुमार की उस पर नजर पड़ गई। राजकुमार उस पर मोहित हो गया। राजकुमारी की भी यही दशा थी। अतः दोनों ने उसी समय गंधर्व विवाह कर लिया लेकिन विधि के विधान के अनुसार 4 दिन बाद राजकुमार की मृत्यु हो गई। यमदूतों ने यमराज को बताया कि उन्होंने ऐसी सुन्दर जोड़ी अपने जीवन में इससे पहले कभी नहीं देखी थी। वे दोनों कामदेव और रति के समान सुन्दर थे। राजकुमार के प्राण हरने के बाद राजकुमारी का करुण विलाप सुनकर उनका कलेजा कांप उठा। घटना का पूर्ण वृतांत सुनने के बाद यमराज ने यमदूतों से कहा कि कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी के दिन धन्वंतरि ऋषि का पूजन करने तथा यमराज के लिए दीपदान करने से इस प्रकार की अकाल मृत्यु से बचा जा सकता है।

## कविता



समंदर सारे शबाब होते  
शराब होते  
तो सोचो  
कितने फसाद होते  
गुनाह न होते  
तो सोचो कितने फसाद होते  
किसी के दिल मे क्या छिपा है  
ये तो रब जानता है।  
दिल अगर बेनक़ाब होते  
तो सोचो कितने फ़साद होते।  
उनकी नजरें ना जान पायी अच्छाई  
हमारी-हम जो सच मे शराब होते  
तो सोचो कितने फ़साद होते।।

**अमन यादव**  
**एटा- उत्तर प्रदेश**



# राशिफल

**मेषः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**बृषभः-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मिथुनः-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्कः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंहः-** अच्छे कायरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।

**कन्याः-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुलाः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें।

**वृश्चिकः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

**धनुः-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मकरः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा।

**मीनः-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी।

# गैंगस्टर का समर्थन न करें राजनीतिक पार्टियां

**योगेश कुमार सोनी**




महाराष्ट्र अगले महीने विधानसभा चुनाव का सामना करने वाला है। उत्तर भारतीय विकास सेना के नेता सुनील शुक्ला पश्चिम बांद्रा निर्वाचन क्षेत्र से कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की तरफ से नामांकन दाखिल करना चाहते हैं। यह निर्वाचन क्षेत्र राकांपा के दिवंगत नेता बाबा सिद्दीकी का रहा है। समझ यह नहीं आता कि इस तरह की बातों से ऐसे लोग क्या साबित करना चाहते हैं।

गैंगवार को लेकर देश विषम परिस्थितियों से गुजर रहा है जिसको लेकर हर कोई चाहता है कि देश में अमन-चैन बना रहे लेकिन सुनील शुक्ला जैसे लोग ऐसी बातें करके युवाओं के भविष्य को गलत हवा दे रहे हैं। बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद से कुछ लोग लारेंस बिश्नोई की सोशल मीडिया पर प्रशंसा कर रहे हैं और उसे कई तरह की उपाधियों से नवाजा जा रहा है। सबसे बडा दुर्भाग्य यह है कि युवा, लारेंस को अपना आदर्श मान रहे हैं। लेकिन यह लोग इतनी सी बात नहीं समझ रहे कि मौत का खेल दूर से देखने में ही मजा आता है, खुद खेलने में जिंदगी में आग लग जाती है। भारतीय राजनीति में कड़े नियम-कानून-कायदे न होने की वजह से इस तरह की तमाम तरह की आजादी है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि अपराधी भी चुनाव लड़ सकता है और आश्चर्य की बात वह आरोपी भी है और जेल में हैं तब भी चुनाव लड़ सकता है। इससे एक बात तो तय है कि जिस तरह हमारे यहां छूट है उसी का ऐसे लोग बेजा फायदा उठाते हैं।

सवाल यह है कि आखिर ऐसे प्रावधान में बदलाव क्यों नहीं हो सकता। क्या इस तरह की संचालन प्रक्रिया आने वाले मौजूदा व आने वाले समय में युवाओं को नकारात्मकता की ओर नहीं ले जाएगी? चुनाव लड़ना देश की सेवा के लिए प्रेरित करने के लिए होना चाहिए या शक्ति प्रदर्शन दिखाने के लिए ? आजकल लोगों की सोच तो शक्ति प्रदर्शन दिखाने की ओर इशारा कर रही है। हमें ऐसी सोच पर नियंत्रण पाना होगा, क्योंकि ऐसे लोगों के लिए चुनाव लड़ने का मतलब केवल सत्ता पर काबिज होना ही होता है।

यदि लारेंस बिश्नोई जैसे गैंगस्टर चुनाव लड़ते हैं तो इस बात का क्या अर्थ निकाला जाए। मतलब जिससे देश असुरक्षित महसूस कर रहा है और सुनील जैसे लोग उनके हाथ में जनता की सुरक्षा देने चाहते हैं। जो पार्टी या नेता गलत व सही के बीच फर्क नहीं समझ सकती उसका पंजीकरण रद्द होना चाहिए। जब उनके मंसूबे इस तरह के हैं तो उनसे सकारात्मक राष्ट्र के निर्माण की उम्मीद करना बेमानी होगा। गुणवत्ता पर बात हो, मुद्दों पर बात हो, तथ्यात्मक घटनाओं पर बात हो, हमें इस तरह की पार्टी व नेता की जरूरत है। हम पहले से ही बाहरी दुश्मनों से परेशान हैं और यदि अपने देश की आंतरिक व्यवस्था भी आतंकवाद से घिर जाएगी तो चुनौती बड़ी हो सकती है। जम्मू- कश्मीर में बीते मात्र 15 दिनों में 19 लोगों की जाने जा चुकी है। इस समय केन्द्र व राज्य सरकार का सारा ध्यान आतंकवाद पर केन्द्रित है। इसके अलावा दिल्ली में गैंगस्टर के नाम से कुछ लोग दहशत फैला रहे हैं। बहुत सारे तो ऐसे लोग हैं जिनका गैंगस्टर से किसी भी प्रकार का कोई संबंध नहीं है और वह उनके नाम पर उगाही तक भी कर रहे हैं। निश्चित तौर पर व्यापारी वर्ग सहमा हुआ रहता है।

उदाहरण के तौर यदि दिल्ली के परिवेश की बात करें तो दिल्ली में नीरज बावनिया के नाम पर बहुत सारे लोगों ने गैंग बना लिया है और उसके नाम से ही बदमाशी करते हैं व दिल्ली के व्यापारी वर्ग से रंगदारी मांगते हैं। जबकि इस पर नीरज बवाना ने खुद यह कहा था कि मैं या मेरा कोई भी सदस्य व्यापारियों से रंगदारी नहीं लेता। अब लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर ऐसा हो रहा है और निश्चित तौर पर उसको यह नहीं पता होगा कि उसके नाम का कौन-कौन प्रयोग कर रहा है। हमें इस ट्रैक पर चल रहे युवाओं को समझाना होगा कि किसी भी गैंगस्टर या बदमाश के जीवन का कोई अर्थ नहीं होता। वो चाहे कितना भी पैसा और नाम बना ले लेकिन वह अपनी जिंदगी नहीं जी सकता। वह सारी जिंदगी जेल में ही रहता है। युवाओं को यह नहीं मालूम की इस राह में कितने कांटे है और न तो ऐसे लोगों का कोई जीवन होता और न ही घरवाले कभी सुरक्षित रह पाते।

यदि किसी को कॉपी करना है तो ऐसे लोगों को कॉपी करें, जिससे आपका भविष्य बने। अपनी जिंदगी की कीमत समझें चूंकि यह मानव जीवन आसानी से नहीं मिलता। इसका हर पल व क्षण अपने भविष्य बनाने व परिवार का भविष्य संवारने में लगाएं। गैंगस्टर की जिंदगी में किसी भी प्रकार की खुशी नहीं होती। वह आपसी रंजिश या पुलिस एनकाउंटर में मारे जाते हैं या फिर पकड़े जाने पर पूरी जिंदगी जेल में सड़ते हैं। इसलिए राजनीतिक पार्टी छोटी हो यहा बड़ी सबको अपना कर्तव्य को याद रखना होगा चूंकि आप सभी समाज को लीड करते हो जिसकी वजह से जैसा आप कहते व प्रस्तुत करते हो वैसे राष्ट्र का निर्माण होता है। किसी भी गलत व्यक्ति के विषय में आप इस तरह की बातें करेंगे तो निश्चित तौर पर समाज में गलत संदेश जाएगा।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2024

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:00 | सप्ताह में तीन दिन | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 30.10.24 से 06.11.24 |
| 02251 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | गुरूवार, शनिवार, सोमवार | 31.10.24 से 07.11.24 |
| 02270 | लखनऊ (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 6 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 08.11.24 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ | 06:30 | | मंगलवार को छोड़कर | 08.11.24 तक |
| 02248 | नई दिल्ली (तेजस त्यौहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:30 | सप्ताह में तीन दिन | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 29.10.24 से 05.11.24 |
| 02247 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 30.10.24 से 06.11.24 |
| 04052 | नई दिल्ली | 14:20 | जयनगर | 15:40 | तिथि वार | शनि, मंगल, शुक्र, सोम | 29.10.24, 01 एवं 04.11.24 |
| 04051 | जयनगर | 18:00 | नई दिल्ली | 18:50 | | रवि, बुध, शनि, मंगल | 30.10.24, 02 एवं 05.11.24 |
| 04054 | नई दिल्ली | 14:20 | बरौनी जं | 11:00 | तिथि वार | रवि, बुध, शनि, मंगल | 30.10.24, 02 एवं 05.11.24 |
| 04053 | बरौनी जं | 12:30 | नई दिल्ली | 09:10 | | सोम, गुरू, रवि, बुध | 31.10.24, 03 एवं 06.11.24 |
| 02250 | नई दिल्ली | 23:55 | पटना जं | 16:40 | साप्ताहिक | गुरूवार | 31.10.24 तक |
| 02249 | पटना जं | 17:50 | नई दिल्ली | 11:00 | | शुक्रवार | 01.11.24 तक |
| 04075 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 17.11.24 तक |
| 04076 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | गुरूवार, सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04498 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:30 | बलिया | 13:30 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04497 | बलिया | 18:40 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:25 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 04022 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:40 | सीतामढ़ी | 15:45 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 04021 | सीतामढ़ी | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:05 | | गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04032 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:15 | सहरसा जं | 10:30 | सप्ताह में पांच दिन | सोम, मंगल, गुरू, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04031 | सहरसा जं | 13:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:10 | | सोम, मंगल, बुध, शुक्र, रवि | 01.12.24 तक |
| 04624 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 23:45 | वाराणसी जं | 23:55 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04623 | वाराणसी जं | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04080 | दिल्ली जं | 19:30 | वाराणसी जं | 09:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, गुरूवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04079 | वाराणसी जं | 18:25 | दिल्ली जं | 08:50 | | मंगलवार, शुक्रवार, रविवार | 17.11.24 तक |
| 04530 | बठिण्डा जं | 20:50 | वाराणसी जं | 17:30 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04529 | वाराणसी जं | 20:40 | बठिण्डा जं | 17:00 | | मंगलवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04096 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 18.11.24 तक |
| 04095 | अयोध्या कैंट | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 22:30 | | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 19.11.24 तक |
| 04518 | चण्डीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04517 | गोरखपुर | 22:05 | चण्डीगढ़ | 14:10 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04060 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:30 | जयनगर | 15:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:55 | | बुधवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04068 | दिल्ली जं | 19:30 | दरभंगा जं | 16:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04067 | दरभंगा जं | 18:00 | दिल्ली जं | 16:35 | | बुधवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04044 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | गोरखपुर | 14:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 04043 | गोरखपुर | 17:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:40 | | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 04217 | वाराणसी जं | 06:25 | लखनऊ जं | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 22.11.24 तक |
| 04218 | लखनऊ जं | 16:30 | वाराणसी जं | 21:50 | | | 22.11.24 तक |
| 04010 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 29.10.24 से 12.11.24 |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:05 | | गुरूवार | 31.10.24 से 14.11.24 |
| 04678 | फिरोजपुर कैंट जं | 13:25 | पटना जं | 17:00 | साप्ताहिक | बुधवार, | 13.11.24 तक |
| 04677 | पटना जं | 18:45 | फिरोजपुर कैंट जं | 22:40 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04211 | वाराणसी जं | 14:50 | चण्डीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04212 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं | 01:20 | | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04553 | सहारनपुर | 04:40 | अम्बाला कैंट जं | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04554 | अम्बाला कैंट जं | 20:20 | सहारनपुर | 22:30 | | | 30.11.24 तक |
| 04682 | जम्मू तवी | 23:20 | कोलकाता | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 14.11.24 तक |
| 04681 | कोलकाता | 23:45 | जम्मू तवी | 12:30 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04078 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:55 | पटना जं | 16:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04077 | पटना जं | 17:50 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04646 | जम्मू तवी | 05:45 | बरौनी जं | 12:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04645 | बरौनी जं | 15:15 | जम्मू तवी | 22:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04038 | दिल्ली जं | 19:10 | आजमगढ़ | 11:30 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04037 | आजमगढ़ | 13:30 | दिल्ली जं | 06:10 | | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04312 | हरिद्वार जं | 12:30 | हावड़ा जं | 17:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04311 | हावड़ा जं | 19:00 | हरिद्वार जं | 23:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04314 | हरिद्वार जं | 12:30 | मुज़फ्फरपुर जं | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं | 09:00 | हरिद्वार जं | 05:30 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04058 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | मुज़फ्फरपुर जं | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04057 | मुज़फ्फरपुर जं | 23:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | | मंगलवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04062 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | बरौनी जं | 06:30 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04061 | बरौनी जं | 08:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:10 | | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 02246 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:55 | पटना जं | 16:40 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 02245 | पटना जं | 17:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 10:50 | | मंगलवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04526 | सरहिंद जं | 11:25 | सहरसा जं | 17:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04525 | सहरसा जं | 19:15 | अम्बाला कैंट जं | 22:20 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04006 | दिल्ली जं | 23:05 | जयनगर | 23:45 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04005 | जयनगर | 01:30 | दिल्ली जं | 01:30 | | गुरूवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 04048 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:20 | कठिहार जं | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04047 | कठिहार जं | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:50 | | बुधवार, शनिवार | 27.11.24 तक |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | राजगीर | 21:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 04069 | राजगीर | 22:50 | नई दिल्ली | 23:10 | | रविवार, बुधवार | 30.11.24 तक |
| 02262 | नई दिल्ली | 00:20 | दरभंगा | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 02261 | दरभंगा जं | 23:20 | नई दिल्ली | 20:15 | | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 04608 | जम्मू तवी | 20:20 | हावड़ा जं. | 13:20 | तिथि वार | बुधवार एवं सोमवार | 30.10.24 एवं 04.11.24 |
| 04607 | हावड़ा जं. | 23:45 | जम्मू तवी | 15:20 | | शुक्रवार एवं बुधवार | 01.11.24 एवं 06.11.24 |
| 04680 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:40 | कामाख्या | 21:00 | तिथि वार | सोमवार एवं शनिवार | 02.11.24 तक |
| 04679 | कामाख्या | 06:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:20 | | गुरूवार एवं मंगलवार | 31.10.24 एवं 05.11.24 |
| 04662 | अमृतसर जं. | 20:10 | सहरसा | 05:00 | तिथि वार | मंगलवार एवं रविवार | 29.10.24 एवं 03.11.24 |
| 04661 | सहरसा | 10:00 | अमृतसर जं. | 18:20 | | गुरूवार एवं मंगलवार | 31.10.24 एवं 05.11.24 |
| 05001 | गोरखपुर जं. | 19:30 | दिल्ली जं. | 13:15 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 05002 | दिल्ली जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 09:55 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 05111 | छपरा जं. | 14:00 | नई दिल्ली | 11:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 05112 | नई दिल्ली | 12:50 | छपरा जं. | 11:30 | | मंगलवार | 29.10.24 से 12.11.24 |

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से होकर गुजरने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03575 | आसनसोल जं | 10:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 03576 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:15 | आसनसोल जं | 10:20 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:10 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03436 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 03255 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 03256 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | सोमवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02391 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 15.11.24 तक |
| 02392 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03258 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं | 13:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 06:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05220 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:00 | मुजफ्फरपुर जं | 00:45 | | | 01.01.25 तक |
| 05109 | छपरा | 17:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05110 | आनंद विहार टर्मिनल | 12:55 | छपरा | 06:45 | | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05023 | गोरखपुर | 21:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:15 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 05024 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:15 | गोरखपुर | 04:45 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 05301 | मऊ जं | 04:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 20:30 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05302 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:25 | मऊ जं | 17:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05005 | गोरखपुर | 14:40 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05006 | अमृतसर जं | 12:45 | गोरखपुर | 08:50 | | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05049 | छपरा | 09:55 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05050 | अमृतसर जं | 12:45 | छपरा | 14:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 02525 | कामाख्या | 22:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 02526 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:20 | कामाख्या | 03:40 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05671 | गुवाहाटी | 15:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05672 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | गुवाहाटी | 14:15 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05734 | कटिहार जं | 11:40 | अमृतसर जं | 00:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05733 | अमृतसर जं | 04:25 | कटिहार जं | 15:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03413 | मालदा टाउन | 07:10 | नई दिल्ली | 07:30 | सप्ताह में दो दिन | गुरूवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 03414 | नई दिल्ली | 10:30 | मालदा टाउन | 07:55 | | शुक्रवार, सोमवार | 29.11.24 तक |
| 03483 | भागलपुर | 11:00 | नई दिल्ली | 07:10 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 03484 | नई दिल्ली | 10:30 | भागलपुर | 04:10 | | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05565 | सहरसा जं | 19:30 | सरहिंद जं | 00:05 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 से 26.12.24 |
| 05566 | सरहिंद जं | 02:00 | सहरसा जं | 09:45 | | शनिवार | 16.11.24 से 28.12.24 |
| 03107 | सियालदह | 00:10 | लखनऊ जं | 00:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03108 | लखनऊ जं | 01:40 | सियालदह | 23:50 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 09075 | मुम्बई सेंट्रल (वाया बरेली) | 11:00 | काठगोदाम | 14:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09076 | काठगोदाम (वाया बरेली) | 17:30 | मुम्बई सेंट्रल | 20:55 | | गुरूवार | 26.12.24 तक |
| 07363 | हुब्बल्लि जं | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 04.11.24 तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्लि जं | 06:30 | | गुरूवार | 07.12.24 तक |
| 09657 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 15:00 | बढ़नी | 13:25 | साप्ताहिक | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 09658 | बढ़नी (वाया बाराबंकी जं) | 19:15 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 19:20 | | रविवार | 17.11.24 तक |
| 03423 | भागलपुर | 13:55 | हरिद्वार जं | 17:55 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03424 | हरिद्वार जं | 19:55 | भागलपुर | 21:20 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05736 | कटिहार जं | 21:00 | अमृतसर जं | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05735 | अमृतसर जं | 13:25 | कटिहार जं | 23:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05047 | बनारस | 22:00 | गाजियाबाद | 11:45 | साप्ताहिक | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05048 | गाजियाबाद | 12:35 | बनारस | 05:35 | | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 02397 | गया जं | 14:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:10 | सप्ताह में 6 दिन | शनिवार को छोड़कर | 15.11.24 तक |
| 02398 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:20 | गया जं | 00:30 | | रविवार को छोड़कर | 16.11.24 तक |
| 02393 | पटना जं | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरूवार को छोड़कर | 30.10.24 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं | 07:00 | | शुक्रवार को छोड़कर | 31.10.24 तक |
| 04123 | प्रयागराज जं | 14:30 | हजरत निजामुद्दीन | 11:10 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 04124 | हजरत निजामुद्दीन | 15:50 | प्रयागराज जं | 09:00 | | सोमवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 22:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 05194 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 00:05 | छपरा | 08:00 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 02417 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02418 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04145 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04146 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02421 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 02422 | दिल्ली जं | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 03309 | धनबाद जं | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:25 | धनबाद जं | 14:00 | | बुधवार, रविवार | 01.12.24 तक |
| 09195 | वडोदरा जं (वाया वाराणसी जं) | 19:00 | मऊ जं | 20:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09196 | मऊ जं (वाया वाराणसी जं) | 23:15 | वडोदरा जं | 00:45 | | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09417 | अहमदाबाद जं (वाया वाराणसी जं) | 09:10 | दानापुर | 20:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09418 | दानापुर (वाया वाराणसी जं) | 23:50 | अहमदाबाद जं | 11:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09405 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 18:10 | पटना जं | 02:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09406 | पटना जं (वाया लखनऊ) | 05:00 | साबरमती | 13:30 | | गुरूवार | 02.01.25 तक |
| 09525 | हापा (वाया वाराणसी जं) | 00:40 | नाहरलगुन | 16:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09526 | नाहरलगुन (वाया वाराणसी जं) | 10:00 | हापा | 00:30 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 22:50 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09184 | बनारस (वाया लखनऊ) | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 09189 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | कटिहार जं | 07:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09190 | कटिहार जं (वाया लखनऊ) | 00:15 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09111 | वडोदरा जं (वाया लखनऊ) | 19:00 | गोरखपुर | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09041 | उधना जं (सूरत) | 11:15 | छपरा (वाया लखनऊ) | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09042 | छपरा (वाया लखनऊ) | 23:00 | उधना जं (सूरत) | 07:30 | | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 04815 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04816 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 04823 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04824 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 04137 | ग्वालियर जं (वाया लखनऊ) | 07:10 | बरौनी जं | 08:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 29.12.24 तक |
| 04138 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 09:30 | ग्वालियर जं | 10:20 | | सोमवार, गुरूवार | 30.12.24 तक |
| 09145 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | बरौनी जं | 04:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 09146 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 01:00 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 09043 | बांद्रा टर्मिनस (वाया लखनऊ) | 00:05 | गोरखपुर | 09:30 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09044 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 13:00 | बांद्रा टर्मिनस | 22:30 | | सोमवार, बुधवार | 01.01.25 तक |
| 07651 | जालना (वाया वाराणसी जं) | 23:30 | छपरा | 05:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 07652 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | जालना | 04:00 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 05069 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 13:15 | पनवेल | 22:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 05070 | पनवेल (वाया वाराणसी जं) | 23:20 | छपरा | 11:35 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05325 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05326 | लोकमान्यतिलक (वाया लखनऊ) | 10:25 | गोरखपुर | 18:00 | | गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 01123 | लोकमान्यतिलक (वाया लखनऊ) | 12:15 | गोरखपुर | 18:55 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 03.11.24 तक |
| 01124 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | | शनिवार, सोमवार | 04.11.24 तक |
| 01431 | पुणे (वाया लखनऊ) | 16:15 | गोरखपुर | 20:40 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.11.24 तक |
| 01432 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 23:25 | पुणे | 06:25 | | शनिवार | 02.11.24 तक |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 22:30 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 11.11.24 तक |
| 01080 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 00:40 | | | 13.11.24 तक |
| 01415 | पुणे (वाया लखनऊ) | 06:50 | गोरखपुर | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 11.11.24 तक |
| 01416 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 17:30 | पुणे | 03:15 | | | 12.11.24 तक |
| 01207 | नागपुर (वाया बाराबंकी) | 10:40 | समस्तीपुर जं | 23:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 30.10.24 से 13.11.24 |
| 01208 | समस्तीपुर जं (वाया बाराबंकी) | 07:00 | नागपुर | 21:30 | | गुरूवार | 31.10.24 से 14.11.24 |
| 05636 | गुवाहाटी (वाया लखनऊ) | 18:15 | श्रीगंगानगर | 03:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05637 | श्रीगंगानगर (वाया लखनऊ) | 13:20 | गुवाहाटी | 00:25 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05537 | दरभंगा जं (वाया शाहजहांपुर) | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 09.11.24 से 28.12.24 |
| 05538 | दौराई (वाया शाहजहांपुर) | 23:45 | दरभंगा जं | 06:50 | | रविवार | 10.11.24 से 29.12.24 |
| 04195 | आगरा कैंट (वाया लखनऊ) | 05:00 | फारबिसगंज जं | 15:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 22.11.24 तक |
| 04196 | फारबिसगंज जं (वाया लखनऊ) | 18:40 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 09061 | उधना जं (सूरत) | 22:00 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 06:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 06.11.24 तक |
| 09062 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 09:30 | उधना जं (सूरत) | 18:00 | | शुक्रवार | 08.11.24 तक |
| 04829 | जोधपुर जं (वाया दिल्ली) | 16:15 | गोरखपुर | 20:50 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04830 | गोरखपुर (वाया दिल्ली) | 23:25 | जोधपुर जं | 04:00 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 01025 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | बलिया | 01:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 30.12.24 तक |
| 01026 | बलिया (वाया वाराणसी जं) | 15:15 | दादर | 03:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 01.01.25 तक |
| 01027 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | गोरखपुर | 02:45 | सप्ताह में चार दिन | मंगल, गुरू, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 01028 | गोरखपुर (वाया वाराणसी जं) | 14:25 | दादर | 03:30 | | गुरू, शनि, सोम, मंगल | 02.01.25 तक |
| 09013 | उधना जं (सूरत) | 07:00 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 19:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09014 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:30 | उधना जं (सूरत) | 08:15 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 09027 | बांद्रा टर्मिनस (वाया वाराणसी जं) | 11:00 | मालदा टाउन | 16:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 09028 | मालदा टाउन (वाया वाराणसी जं) | 17:30 | बांद्रा टर्मिनस | 18:15 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09031 | बांद्रा टर्मिनस | 12:15 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:00 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 09032 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 04:00 | दहानू रोड | 12:25 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09421 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 19:45 | सीतामढ़ी | 08:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09422 | सीतामढ़ी (वाया लखनऊ) | 16:00 | साबरमती | 06:00 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 09067 | उधना जं (सूरत) | 05:30 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 09068 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 23:45 | उधना जं (सूरत) | 14:30 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 09321 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 10:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 16:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09322 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 23:50 | | मंगलवार, गुरूवार, रविवार | 01.12.24 तक |
| 07031 | सिकंदराबाद जं | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 07032 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | सिकंदराबाद जं | 06:30 | | मंगलवार | 12.11.24 तक |
| 09639 | मदार जं | 04:30 | रोहतक जं | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 09640 | रोहतक जं | 13:20 | मदार जं | 22:35 | | | 31.12.24 तक |
| 08475 | पुरी | 04:50 | हजरत निजामुद्दीन | 19:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 08476 | हजरत निजामुद्दीन | 22:30 | पुरी | 06:55 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09425 | साबरमती | 19:00 | हरिद्वार जं | 19:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 09426 | हरिद्वार जं | 21:45 | साबरमती | 21:30 | | मंगलवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09557 | भावनगर टर्मिनल | 15:15 | दिल्ली कैंट | 13:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 09558 | दिल्ली कैंट | 15:25 | भावनगर टर्मिनल | 12:25 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09097 | बांद्रा टर्मिनस | 21:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09098 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:40 | बांद्रा टर्मिनस | 10:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09309 | इंदौर जं | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 29.12.24 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09523 | ओखा | 10:00 | दिल्ली कैंट | 09:40 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09524 | दिल्ली कैंट | 13:40 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 01.01.25 तक |
| 04821 | भगत की कोठी | 08:30 | हरिद्वार जं | 03:40 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04822 | हरिद्वार जं | 05:00 | भगत की कोठी | 23:55 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 19:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.11.24 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:30 | पुणे | 22:30 | | शनिवार | 02.11.24 तक |
| 06071 | कोच्चुवेली | 14:15 | हजरत निजामुद्दीन | 20:40 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 06072 | हजरत निजामुद्दीन | 04:10 | कोच्चुवेली | 14:15 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं | 12:10 | शाहजहांपुर | 14:25 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05448 | शाहजहांपुर | 15:15 | पीलीभीत जं | 16:30 | | | 31.12.24 तक |
| 09603 | उदयपुर शहर | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 05:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 13.11.24 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर शहर | 13:55 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 05097 | टनकपुर (वाया दिल्ली जं) | 18:25 | दौराई | 13:40 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05098 | दौराई (वाया दिल्ली जं) | 16:05 | टनकपुर | 09:35 | | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 05037 | बनारस | 19:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:35 | साप्ताहिक | मंगलवार | 12.11.24 तक |
| 05038 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:10 | बनारस | 01:10 | | बुधवार | 30.10.24 से 13.11.24 |
| 05273 | दरभंगा जं. | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 02.11.24 को |
| 05274 | दौराई | 23:45 | दरभंगा जं. | 06:50 | | रविवार | 03.11.24 को |
| 06097 | चेन्नै सेंट्रल | 05:15 | अम्बाला कैंट जं. | 02:10 | साप्ताहिक | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 06098 | अम्बाला कैंट जं. | 15:30 | चेन्नै सेंट्रल | 13:35 | | बुधवार | 30.10.24 से 13.11.24 |
| 07617 | काचीगुडा | 23:15 | हजरत निजामुद्दीन | 04:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 4,11 एवं 18.11.24 |
| 07618 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | काचीगुडा | 11:45 | | बुधवार | 6,13 एवं 20.11.24 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें


धनतेरस एवं दिवाली की सभी को हार्दिक शुभकामनायें
विजय फर्नीचर हाउस एण्ड इलेक्ट्रॉनिक
संरक्षक-योगेन्द्र सिंह राठौर
जिला सह संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ, भाजपा
जिला उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा
अन्य प्रतिष्ठानः-
जय विजय ट्रेडर्स, जय श्री बालाजी कन्सट्रक्शन,
मैन चौराहा नवाबगंज फर्रुखाबाद रोड
प्रो. अमित प्रताप सिंह
प्रो. जय प्रताप सिंह


जय हिन्द कमेटी नवाबगंज फर्रुखाबाद
की ओर से समस्त देशवासियों को
धनतेरस व प्रकाश पर्व
दिवाली
की हार्दिक शुभकामनायें
मीना बाई
किन्नर
अध्यक्ष
जय हिन्द कमेटी,
नवाबगंज, फर्रुखाबाद


धनतेरस एवं दीपावली की सभी को
हार्दिक शुभकामनायें
संजीव
कुमार
यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बबना हरदुआ विकास खण्ड, नवाबगंज

# विद्या मंदिर के दो छात्रों ने खेलकूद में जीता गोल्ड मेडल

- कार्यक्रम का आयोजन कर दोनो छात्रों को किया गया सम्मानित
- मध्य प्रदेश के सतना में आयोजित हुई थी 35वीं अखिल भारतीय खेलकूद प्रतियोगिता



सभागार में दोनो छात्रों को सम्मानित करते प्रधानाचार्य व अन्य शिक्षक

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

मध्य प्रदेश में हुई 35वीं अखिल भारतीय खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के दो छात्रों ने गोल्ड मेडल हासिल किया। लौटकर आने पर सोमवार को विद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन कर दोनो छात्रों को प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने माला पहनाकर स्वागत किया। मध्य प्रदेश सतना में विद्या भारती द्वारा 35वें अखिल भारतीय खेलकूद एथलेटिक्स समारोह 2024 का आयोजन किया गया था। यह प्रतियोगिता 23 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक चली। इन प्रतियोगिताओं में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा के छात्रों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया।

अंडर 17 वर्ग में विद्यालय के कक्षा 12 के छात्र रीतांशु भदौरिया पुत्र नरेंद्र सिंह ने लंबी कूद में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसी क्रम में कक्षा 11 के छात्र गौरव पुत्र अनुरुद्ध ने 400 मी रिले रेस व लंबी कूद में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। उनकी इस सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा व प्रबंधक प्रदीप कुमार गुप्त ने दोनो छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं व बधाई दी। सोमवार को सभागार में प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने दोनो छात्रों को माला पहना कर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने बताया कि दोनो छात्रों ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर विद्यालय को ही नही बल्कि कानपुर प्रांत पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

उन्होंने छात्रों के साथ उनके प्रशिक्षक शारीरिक प्रमुख आचार्य राम कुमार को भी माला पहना कर सम्मानित किया।

शिक्षा के साथ खेल के महत्व को बढ़ावा देते हुए उन्होंने कहा सभी बच्चों को इन खिलाड़ी भइयाओं से प्रेरणा लेकर जीवन में आगे खेल के क्षेत्र में प्रांत व क्षेत्र का नाम रोशन करने की प्रेरणा लेनी चाहिए।

# अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना गौ रक्षा प्रकल्प के प्रदेश संयोजक ने किया स्वागत



**छिबरामऊ कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

छिबरामऊ नगर से अग्निवीर गौ रक्षक दल के प्रमुख पवन ठाकुर जोकि गाजियाबाद से लेकर लखनऊ तक अपनी टीम के साथ पदयात्रा कर जा रहे हैं।

जिनका मुख्य उद्देश्य गौ माता को महाराष्ट्र की भांति उत्तर प्रदेश में भी गाय को राज्यमाता का दर्जा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिया जाए। अग्निवीर गौ रक्षा प्रमुख के पवन ठाकुर छिबरामऊ नगर में प्रवेश लेते ही शहर के पश्चिमी बाई पास स्थित पंडित कन्हैया लाल पांडेय मार्केट पर अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना गौ रक्षा प्रकल्प के प्रदेश संयोजक रंजीत पांडेय ने पदयात्रा का किया स्वागत। जिसके पश्चात पदयात्रा का का स्वागत कर छिबरामऊ नगर में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सेना गौ रक्षा प्रकल्प के प्रदेश संयोजक रंजीत पांडेय द्वारा पदयात्रा का नगर में सहयोग किया जाएगा। यह पदयात्रा छिबरामऊ के पश्चिमी बाई पास से पीपल चौराहा,छिबरामऊ बस स्टॉप,सौरिख तिराहा,पूर्वी बाईपास होते हुए लखनऊ मुख्यमंत्री दरबार तक जाएगी पश्चिमी बाईपास छिबरामऊ पर कन्हैया लाल पांडे मार्केट में स्वागत के बाद सैकड़ो लोगों के साथ गौ माता को राज्य दर्जा दिलाया जाने के लिए हो रही पदयात्रा में सैकड़ो लोग शामिल हुए शहर में कई स्थान पर अग्निवीर गौ रक्षक दल के प्रमुख पवन ठाकुर का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सेना गौ रक्षा प्रकल्प के प्रदेश संयोजक रंजीत पांडेय स्वागत मे पटुका उड़ा कर गौ माता का चित्र देकर भेंट कर सम्मानित किया अपने सहयोगियों के साथ नगर की सीमा तक पदयात्रा में शामिल होकर उत्साह वर्धन किया।

# अनियंत्रित बाइक विद्युत पोल से टकराई, पति की मौत

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

- हादसे में घायल पत्नी का मेडिकल कॉलेज में चल रहा है उपचार

कोतवाली क्षेत्र के सतौरा गांव के निकट पत्नी को दवा दिलाकर लौट रहे दंपति की बाइक बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार पति की मौके पर मौत हो गई। पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

सतौरा गांव निवासी रासीद (35) पुत्र साजिद अपनी पत्नी अंजुम (30) को लेकर गुरसहायगंज गए थे। अपनी बीमार पत्नी को दवा दिलाने के बाद दोनो बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। जब उनकी बाइक सतौरा गांव के निकट पहुंची, तो अचानक बाइक अनियन्त्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। हादसा होते ही आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। दोनो घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां उपचार से पहले ही डॉक्टरों ने रासीद को मृत घोषित कर दिया।

घायल अंजुम को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए शव को वापस घर ले गए। मामले में कोतवाली प्रभारी ने बताया कि उनके पास हादसे की कोई सूचना नहीं आई है।

# पौधारोपण कर मनाया कालेज का स्थापना दिवस

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



गोमती देवी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर स्थापना दिवस मनाते विधायक, प्रबंधक व अन्य।

नगर के फर्रूखाबाद रोड रामगंज स्थित गोमती देवी आदर्श इन्टर कॉलेज का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रबंधक विजय मिश्र व कालपी विधायक प्रदीप चतुर्वेदी ने गोमती देवी व संस्थापक स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी पण्डित रामसेवक मिश्र की प्रतिमा पर फूलमाला अर्पित कर नमन किया। इसके बाद गोष्ठी में लोगों को जानकारी देकर जागरूक किया गया। सोमवार को स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित गोष्ठी में प्रबंधक विजय मिश्र ने बताया कि गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज की स्थापना 28 अक्टूबर 1969 को हुई थीं। उनके बाबा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित राम सेवक मिश्र व पिता संस्थापक प्रबंधक सुरेश चन्द्र मिश्र ने समाज को शिक्षा से जोड़ने के लिए अथक प्रयास किये। आज समाज का हर वर्ग शिक्षा ग्रहण कर रहा है। विधायक प्रदीप चतुर्वेदी ने कहा कि विद्यालय के संस्थापक पण्डित रामसेवक मिश्र को सभी लोग चाचा जी कहकर पुकारते थे।

प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में उन्हे सहकारिता के संस्थापक सदस्यों में जाना जाता था। इसके बाद विधायक, प्रबंधक व कांग्रेस फर्रूखाबाद जिलाध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा ने कालेज परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण को हराभरा रखने का संदेश दिया। इस दौरान नगर अध्यक्ष संजीव दुबे मुन्ना, प्रबल प्रताप सिंह, देवेश मिश्रा, महेश चन्द्र त्रिपाठी, कमलेश कुमार, सतीश चंद्र, अतुल मिश्रा, रामू त्रिपाठी, विनय त्रिपाठी, श्रुति मिश्रा, शिव कुमार, रामप्रकाश आदि ने गोमती देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए।

# रचनात्मक लेखन में छात्र इबदिता रिजवी रही अव्वल

- छात्र रिजवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**
शहर के प्रमुख शिक्षाविद व समाजसेवी रहे एस एन प्रधान स्मृति में अंग्रेजी भाषा के अंतर्गत जिला स्त्री रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में जिले से 21 विद्यालयों के छात्राओं ने प्रतिभा किया एस एन प्रधान फाउंडेशन की ओर से खबरियापुर रोड स्थित सीसीए विद्यालय में रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता में बेकेम इनविसिबल विषय पर छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किया बच्चों के द्वारा लिखे गए विचारों का आकलन करने की जिम्मेदारी प्रेमानंद नायक रोहन जान परवेज आलम आज शिक्षा विदों निभाई आकलन के उपरांत आज प्ररि इसमें सेंट पॉल सीनियर सेक्रेटरी स्कूल छिबरामऊ



की छात्रा इबदिता रिजवी को प्रथम स्थान प्राप्त किया गया वही जागरण पब्लिक स्कूल कन्नौज के छठ रोन ईशान यादव ने दूसरा स्थान प्राप्त किया जबकि सेंड पालस सीनियर सेक्रेटरी स्कूल छिबरामऊ की छात्रा अग्रिमा को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ निर्देशक प्रदीप प्रधान ने बताया कि सभी प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभा जी किया बहुत से प्रतिभागियों ने अपने विचारों के द्वारा आकलन करने वाले शिक्षकों को बहुत अधिक प्रभावित किया उन्होंने बताया कि सभी चयनित छात्र-छात्राओं को 9 नवंबर को आयोजित होने वाले छात्र वृद्धि सम्मान समारोह पर सम्मानित किया जाएगा।

# युवती के अपहरण में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कालपी (जालौन)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम में 19 वर्षीया युवती के गायब होने पर पीड़ित पिता के द्वारा अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। उक्त प्रकरण को लेकर ग्राम कुरहना आलमगीर निवासी पीड़ित पिता ने कालपी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है। 26 अक्टूबर- 2024 को बजे प्रार्थी की 19 वर्षीया बेटी को घर से कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुत्री के पास एक मोबाइल भी है। पिता ने बताया कि सभी रिश्तेदारियों में पता लगा लिया गया है लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली है। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। उक्त प्रकरण की विवेचना उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह के द्वारा शुरू कर दी गई है।

## खबरें एक नजर में

### दिली खुशी के लिए जरूरी है सच्चाई का दामन थाम लें :मुफ्ती साजिद



**समधन, समृद्धि न्यूज।** जलसा सीरतुन्नबी में मौलाना ने बताया कि दिली खुशी के लिए जरूरी है सच्चाई का दामन थाम लें यह मोमिन की पहचान है। जब भी बोलों सच बोलो अगर किसी से वादा कर लो तों उसे पूरा करने का जज्बा बनाओ गलती को गलती कहो सच्चाई को सच्चाई कहने वाले बनो। बीता रविवार रात को समधन के लोहिया नगर में स्थित मुर्तजा मस्जिद के पास एक जलसा कार्यक्रम आयोजित किया गया कुरान पाक की तिलावत से जलसे का आगाज हुआ मौलाना मुफ्ती साजिद रामपुर ने अपने बयान में बताया कि दिली खुशी के लिए जरूरी है सच्चाई का दामन थाम ले, औलाद की तरबियत मां- बाप की जिम्मेदारी इसी तरह मां- बाप पर औलाद की तालीम की भी जिम्मेदारी है।

### ससुरालियों ने महिला से की छेड़छाड़ व मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ससुरालियों ने महिला से छेड़छाड़ की और गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। गले में फंदा लगाकर हत्या करने का प्रयास भी किया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम निवासी महिला ने बताया कि उसके देवरों ने 21 अक्टूबर की रात लगभग 10 बजे उसके साथ गाली गलौज करते हुए छेड़छाड़ की। जब उसने इसकी शिकायत सास, ससुर व ननद से की। तो ससुरालियों ने भी गाली गलौज कर मारपीट की और गले में फंदा लगाकर हत्या करने का प्रयास किया। इससे महिला अचेत हो गई। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### युवती को भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** घर आने जाने वाला युवक नगदी व जेवरात के साथ युवती को लेकर फरार हो गया। जानकारी होने पर परिजनों ने काफी खोजबीन की। लेकिन पता नहीं लग सका। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम निवासी युवक ने बताया कि फर्रुखाबाद के थाना कमालगंज ग्राम निनौरा निवासी मुकीम का उसके घर आना जाना था। 27 अक्टूबर की शाम लगभग 06 बजे मुकीम उसकी 18 वर्षीय को घर में रखे जेवरात व नगदी के साथ ले गया। जब वह घर लौटा तो घर के अन्य बच्चों ने इसकी जानकारी दी। इसके बाद उसने आसपास क्षेत्र व रिश्तेदारी में काफी खोजबीन की। लेकिन पता नहीं लग सका। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

### खाद्य सुरक्षा टीम ने बाजार में दुकानों से भरे नमूने

**उरई(जालौन)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उ.प्र. लखनऊ व जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश के क्रम में नगर मजिस्ट्रेट उरई अजीत कुमार जयसवाल के नेतृत्व में, डा.जतिन कुमार सिंह सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय, प्रेम कुमार त्रिपाठी मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, कन्हैयालाल यादव, महेश प्रसाद, सुनील कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने आगामी दीवाली पर्व व अन्य त्यौहारों के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्यकारोबारकर्ता गोविन्द स्वीट्स प्रो. रामगोविन्द गुप्ता स्थान कालपी रोड़ उरई के प्रतिष्ठान से दूध की बर्फी का नमूना, बनारसी स्वीट्स प्रो. द्रगविजय सिंह स्थान कालपी रोड़ उरई के प्रतिष्ठान से खोया बर्फी व सोहन पापड़ी का नमूना, वी-मार्ट मॉल स्थान कालपी रोड़ उरई के प्रतिष्ठान से रसगुल्ला व बेसन का लड्डू का नमूना। रामलीला मैदान उरई के प्रेम कुमार गुप्ता एवं बसन्त कुमार विश्नोई के प्रतिष्ठानों से सरसों के तेल का नमूना। उक्त संग्रहित नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

# एक लाख 81 हजार 5 सौ लोगों को मिलेगा मुफ्त गैस सिलेंडर

**कालपी,जालौन, समृद्धि न्यूज।**

उज्ज्वला योजना

दीपावली पर्व के अवसर पर भारत सरकार ने महिलाओं को एक मुफ्त गैस सिलेंडर का तोहफा दिया है। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत जनपद में एक लाख 81 हजार 5 सौ महिला कनेक्शनधारकों को एक मुफ्त घरेलू गैस का सिलेंडर दिया जाएगा। पूर्ति निरीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि उज्ज्वला योजना कनेक्शनधारक महिलाओं को साल में दो बार मुफ्त में सिलेंडर देने की योजना भारत सरकार के द्वारा चलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि दीपावली के अवसर पर अक्टूबर से दिसंबर महीने तक यह योजना चलेगी। उन्होंने बताया कि गैस एजेंसी में कनेक्शनधारक को पूरी रकम जमा करनी होगी। इसके बाद सिलेंडर की पूरी रकम उज्ज्वला योजना की महिला कनेक्शनधारक के बैंक खाते में वापस आ जाएगी। उन्होंने बताया कि उज्ज्वला योजना के कनेक्शन धारक महिला के आधार कार्ड संम्बंधित बैंक के खाते में लिंक होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि साल में दूसरी बार जनवरी से लेकर मार्च महीने तक यह योजना चलाई जाती है। पूर्ति निरीक्षक ने बताया क्या जनपद में 181500 उज्ज्वला योजना के कनेक्शन धारक है। उन्होंने बताया कि सभी पात्र लोग सरकार की योजना का लाभ पाने के लिए जागरूक रहे।

### श्री राम राज्याभिषेक के बाद हुआ कलाकारों का सम्मान

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के तिर्वा रोड पर नव निर्मित श्री आदर्श रामलीला कमेटी नई गल्ला मंडी के तत्वाधान में चल रही रामलीला के समापन अवसर पर कलाकारों ने राम भरत मिलाप, माता सीता की अग्नि परीक्षा, श्री राम का राज्याभिषेक आदि चरित्रों का सुन्दर मंचन कर सभी का मन मोह लिया। राज्याभिषेक के दौरान ढोल नगाडों की धुनों के बीच आतिशबाजी छुडाई गई। राम के आते ही अयोध्या में पुनः खुशियां लौट आई और दीपावली मनाई गई। रामलीला महोत्सव के संरक्षक रामकुमार पाठक, महामंत्री नीरज मिश्रा, कोषाध्यक्ष राकेश कौशल सहित अतिथियों ने प्रभु श्री राम का राज्याभिषेक किया। जबकि समिति की ओर से नगर के समाजसेवी, वृद्धजनों, प्रवुद्धजनों, कलाकारों आदि को अंगवस्त्र, रामदरबार भेंट कर सम्मान किया गया। इस दौरान डॉ. सुधीर दीक्षित, धर्मेन्द्र कौशल, रामवीर कठेरिया, सब्लू गुप्ता, शिवम राज वर्मा, अनिल गुप्ता, रवि गुप्ता, विनोद गुप्ता, टीटू गुप्ता, दीपक गुप्ता, नीरज मिश्रा, उमाकांत सैनी, अभिमन्यु त्रिपाठी, गौरी गुप्ता, पंकज वर्मा, वीरू गुप्ता, शंभू गुप्ता, विकास गुप्ता, प्रिंस दुबे, अमन कठेरिया आदि मौजूद रहे।

### महिला से मारपीट कर धमकी देने की रिपोर्ट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गांव के लोगों ने घर के बाहर बैठी महिला से गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम डुंडवाबुजुर्ग निवासी संजीदा बेगम पत्नी नसीम खान ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि वह 27 अक्टूबर की शाम लगभग 09 बजे अपने घर के बाहर बैठी थी। तभी गांव के हाशिम, फिरोज, आशु, उसिम आए और बेवजह गाली गलौज करने लगे। जब उसने मना किया तो उसे लात घुसों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दीपक बनाने के लिए कुम्हार के चाक ने पकड़ी रफ्तार



चाक से दीपक बनाते कुम्हार

### दीयों का धार्मिक महत्व

हिंदू परंपरा में मान्यता है। कि मिट्टी का दीपक जलाने से घर में सुख समृद्धि शांति का वास होता है। मिट्टी को मंगल ग्रह का प्रतीक माना जाता है। मंगल साहसए पराक्रम में वृद्धि करता है। और तेल को शनि का प्रतीक माना जाता है। शनि को न्याय एवं भाग का देवता कहा जाता है। मिट्टी का दीपक जलाने से मंगल और शनि की कृपा प्राप्त होती है।

### दिया बनाने में माता-पिता के साथ बच्चे भी बंटा रहे हाथ

दीपावली पर धन लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए मिट्टी के दीपक बनाने वाले कुम्हारों के चाक ने रफ्तार पकड़ ली है। उन्हें इस बार अच्छी बिक्री की उम्मीद है। मिट्टी के दीपक, मटकी आदि बनाने के लिए माता- पिता के साथ उनके बच्चे भी हाथ बंटा रहे हैं। कोई मिट्टी गूंथने में लगा है। तो किसी के हाथ चाक पर मिट्टी के बर्तनों को आकार दे रहे हैं।

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दीपोत्सव की तैयारी

कुम्हार चाक से गढ़ रहे है रोशनी की उम्मीद

दीपों का त्योहार दीपावली कुछ दिन ही शेष है। दीपावली पर्व की तैयारियों को लेकर कुम्हार के चाक ने रफ्तार पकड़ ली है। दीप पर्व पर घर-घर मिट्टी के दीपक जलाने का अलग ही महत्व है। इससे घर- आंगन तो रोशन होता ही है। इसके साथ ही हमारे घरों में भी समृद्धि की रोशनी आती है। हमारे घरों में समृद्धि की रोशनी लाने के लिए इन दिनों कुम्हार चाक पर दीपक गढने में जुटे हुए है। कस्बा में टिकुरियन मोहल्ले में मिट्टी का बर्तन बनाने बाले कुम्हार दिन रात काम कर रहे है। कुम्हारों को उम्मीद है। कि दीपावली पर इस बार लोगों के घर आंगन मिट्टी के दिए से रोशन होंगे और उनके हुनर एवं कारोबार को रफ्तार मिलेंगी। दीपक बना रहे। अखिलेश प्रजापति और शम्मू ने बताया कि लगभग 15 वर्ष से यही काम कर रहे हैं। इसमें पूरा परिवार लगा रहता है। दीपावली से पहले दीपक और करवा के साथ साल भर डबूले, मटके आदि बनाते हैं। दीप पर्व के मौके पर पहले की तुलना में अब दीपक की बिक्री कम होती है। इसका कारण बिजली की झालर भी हैं। कुछ लोग तो सिर्फ पूजा के लिए ही दीयों की खरीदारी करते हैं। बताया कि दीपावली त्योहार को लेकर महीने भर से दीपक बनाने का कार्य कर रहे है। हजारों की संख्या में दीपक तैयार कर लेते है। बताया कि इस बार बाजार में 80 से 100 रुपये सैकड़ा तक बिकने के आसार है।


# कार्यालय नगर पंचायत कुरारा, हमीरपुर

Office Email ID-nagarpanchayatkurara53@gmail.com T.F.05282-233294

पत्रांक-300/न.पं.कु./नि.सू./2024-25 दिनांक- 26.10.2024

## अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/निर्माण कार्य हेतु अर्ह फर्मों को सूचित किया जाता है कि रा.वि.आ. अन्तर्गत प्राप्त होने वाली धनराशि से निम्नांकित कार्य के टेण्डर आमंत्रित किये जाते है टेण्डर फार्म निर्धारित नगद मूल्य जमाकर दिनांक 28.10.2024 से दिनांक 07.11.2024 तक कार्यालय नगर पंचायत कुरारा से प्राप्त किये जा सकते है, तथा सीलबन्द टेण्डर दिनांक 08.11.2024 को प्रात 11:00 बजे तक नगर पंचायत में रखे टेण्डर बाक्स में डाले जायेंगे, जो दिनांक 08.11.2024 को समय 2:00 बजे अध्यक्ष महोदय अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी द्वारा खोले जायेंगे। टेण्डर खोलते समय अनुपस्थित ठेकेदार की प्रतीक्षा नहीं की जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आंगणन की धनराशि (लाख रू. में) | धरोहर धनराशि (2%) | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | नगर पंचायत कुरारा के वार्ड-01 में कान्हा गौशाला के मैदान में ईंट खड़न्जा एवं नाली निर्माण कार्य (पार्ट-ए)। | 4.87 | 9740.00 | 590.00 | 15 दिन |
| 2. | नगर पंचायत कुरारा के वार्ड-01 में कान्हा गौशाला के मैदान में ईंट खड़न्जा एवं नाली निर्माण कार्य (पार्ट-बी)। | 4.87 | 9740.00 | 590.00 | 15 दिन |
| 3. | नगर पंचायत कुरारा के वार्ड-01 में कान्हा गौशाला के मैदान में ईंट खड़न्जा एवं नाली निर्माण कार्य (पार्ट-सी)। | 4.87 | 9740.00 | 590.00 | 15 दिन |
| 4. | नगर पंचायत कुरारा के वार्ड-01 में कान्हा गौशाला के मैदान में ईंट खड़न्जा एवं नाली निर्माण कार्य (पार्ट-डी)। | 4.87 | 9740.00 | 590.00 | 15 दिन |

**निर्धारित शर्तेः-**

1. 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि टेण्डर क्रय करने के साथ नगद/एफ.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में जमा करनी होगी।
2. अनुबन्ध की कार्यवाही टेण्डर स्वीकृत होने के पश्चात 03 दिवस के अन्दर करनी होगी।
3. किसी एक अथवा सभी टेण्डरों को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
4. टेण्डर स्वीकृत होने के बाद 8 प्रतिशत जमानत एफ.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में अधिशाषी अधिकारी के पक्ष में बन्धक कराकर जमा करनी होगी।
5. सशर्त निविदायें स्वीकारी नहीं की जायेगी। आगणन में दर्शायी गयी मात्राओं में स्थल की आवश्यकता के अनुसार सक्षम अधिकारियों द्वारा किया गया परिवर्तन टेण्डरदाता को मान्य होगा।
6. टेण्डर के साथ 100/-रू. व 10/रू. के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र जमा करना होगा जिसका प्रारूप नगर पंचायत से प्राप्त किया जा सकता है।
7. समय-समय पर निर्गत शासनादेशों के तहत निर्माण कार्य सम्बन्धी नियम एवं शर्ते लागू रहेंगी। जिनका अनुपालन टेण्डरदाता को करना होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कुरारा, हमीरपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कुरारा, हमीरपुर**


# किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

**उरई,जालौन, समृद्धि न्यूज**



किसानों की समस्याओं को दूर करने के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के आवाहन पर किसान कांग्रेस अध्यक्ष वीरपाल सिंह राजपूत, रेहान सिद्दीकी शहर अध्यक्ष एवं पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव नारायण मिश्रा के संयुक्त नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

वीरपाल राजपूत एवं रेहान सिद्दीकी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बीज भण्डार से मिल रही चना, मसूर, मटर, सरसों के बीज लेने हेतु एकड़ के हिसाब से मिल रही फ्री अनुदान छूट का लाभ छोटे किसानों को नहीं मिल पा रहा है। क्योंकि किसानों से बीज के बदले रुपए लिए जा रहे हैं और बीज बड़े किसानों को उपलब्ध किया जा रहा है। राजीव नारायण मिश्रा एवं सिद्धार्थ दिवोलिया ने कहा की फिंगर मशीन पर किसानों से रात्रि में ही फिंगर लगवाए जा रहे हैं और बीज की बोरी में हेरा फेरी की जा रही है। पूर्व जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र व्यास कोटरा एवं नफीस पठान ने भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया की उनको सूचना प्राप्त हुई है कि ग्राम आटा बीज गोदाम तथा कदौरा बीज गोदाम प्रमुखता से शामिल हैं। इस भ्रष्टाचार में अतः इन गोदामों की जांच की जाए। जहां एक ओर सरकारी समितियां डीएपी उर्वरक से खाली पड़ी हैं वहीं प्राइवेट दुकानदार महंगे दामों में खाद बेचकर मालामाल हो रहे हैं और तो और दो सरकारी दुकानों पर ताला पड़ा हुआ है। किसान बोर्ड देखकर बंदी का वापस लौट रहे हैं। डीएपी उर्वरक खरीदने के लिए किसान खेतों में जुताई करने के बाद बुबाई के लिए डीएपी खाद जुटाने में लगे हुए हैं।

# रामपुरा में किशोरी फांसी के फंदे पर झूली, मौत

**रामपुरा,जालौन।** रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम जायघा में एक और किशोरी ने फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली।,ज्ञात हो कि रामपुरा क्षेत्र में आत्महत्या करने का सिलसिला थम नहीं रहा है। आज सोमवार को तड़के पांच बजे ग्राम जायघा में 19 वर्षीय किशोरी शिवानी पुत्री कन्हैयालाल ने फांसी के फंदे पर झूल कर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि ग्राम जायघा निवासी कन्हैयालाल के तीन संतानों में दूसरे नंबर की पुत्री शिवानी उम्र लगभग 19 वर्ष ने आज सोमवार को सुबह पांच बजे अज्ञात कारणों से कमरे में कुंदे से दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे पर झूल कर अपनी जान दे दी। घर के सदस्यों ने जब कमरे में शिवानी को फांसी पर लटके देखा तो कोहराम मच गया।


सभी को जनपद वासियों को बहुत-बहुत
धनतेरस एवं दिवाली की हार्दिक
शुभकामनायें
मोहन
अग्रवाल
संस्थापक/अध्यक्ष,
फर्रुखाबाद विकास मंच
एसआर कोल्ड स्टोरेज
नेकपुर चौरासी मसेनी रोड, फर्रुखाबाद


धनतेरस एवं दीपावली
की हार्दिक
शुभकामनायें
विकास पाण्डेय
नगर पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी, फर्रुखाबाद


धनतेरस एवं दीपावली की सभी को हार्दिक शुभकामनायें
FASHION WORLD
FASHION WORLD
KIDS WEAR
149
ONWARDS
FASHION WORLD
LATEST FASHION.
UNBELIEVABLE PRICES.
FASHION WORLD
डायरेक्टर- जगदीश यादव, मो0-9119872838
निकट, देवरामपुर रेलवे क्रासिंग ठण्डी सड़क फर्रुखाबाद


धनतेरस एवं दीपावली की सभी को हार्दिक शुभकामनायें
सुरभि इण्टरप्राइजेज
पताः- नगलादीना भोलेपुर,
फतेहगढ़, निकट सम वीम स्कूल
प्रोपराइटरः विवेक सिंह मो0-9839204596


समस्त जनपदवासियों को
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Diwali
Happy Diwali
C&T GROUP
A Toshit Trading Company Initiative
तोषित प्रीत सिंह
भाजपा नेता, फर्रुखाबाद
मण्डल प्रभारी : फायरवर्क्स डीलर वेलफेयर एसोसिएशन
सरदार जी आतिशबाजी वालों का नवीन प्रतिष्ठान :
तोषित ट्रेडिंग कम्पनी
उस्मान नगला, बेवर रोड, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद
सम्पर्क करें
8948698684
9532333314
सौजन्य से- C&T Group, Lal Gate Farrukhabad

# रामोत्सव कवि सम्मेलन में बही काव्य की धारा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय साहित्यिक संस्था राष्ट्रीय कवि संगम के द्वारा रामोत्सव कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

रविवार को देर शाम तक चले जहानगंज क्षेत्र में जलालपुर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे दुर्वासा ऋषि आश्रम प्रमुख ब्रह्मचारी ईश्वरी दास महाराज ने कहा युवा अवस्था में वासना आती है। प्रभु श्रीराम के जीवन में सूर्पनखा विश्वसुंदरी का भेष धारण करके आई किन्तु प्रभु श्रीराम ने उसे नहीं देखा, बल्कि भक्ति स्वरूपा माता जानकी को देखा सीतहि चितइ कही प्रभु बाता, अहइ कुआर मोर लघु भ्राता, अर्थात युवा पीढ़ी में जब वासना आए तो युवा पीढ़ी उपासना ध्यान से जुड़ जाए। वर्तमान समय में यह संदेश गुरु, प्रजा, भाई, पत्नी, माता-पिता, बहन आदि में स्वधर्म का पालन है। प्रभु श्री राम ने बारह वर्ष का वनवास काट कर धर्म पर अधर्म की जीत मर्यादा का प्रतीक बन जनमानस को संदेश दिया।

कार्यक्रम में जनपद औरैया से आए प्रवासी अधिकारी राष्ट्रीय कवि संगम के प्रांतीय मंत्री गोपाल पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्र जागरण धर्म हमारा का ध्येय लेकर चल रही यह संस्था पूरे देश में कविता के माध्यम से जनजागरण का कार्य कर रही है।

दुर्वासा ऋषि आश्रम प्रमुख महंत ईश्वर दासजी महाराज को संस्था का संभाग संरक्षक घोषित किया गया। उन्होंने नारियों से धर्षता करते है जो जयंत तो देवराज के भी पुत्र छोड़े नहीं जाते हैं। बॉबी दुबे आजाद ने कहा कि फर्रुखाबाद का इतिहास बहुत ही पुराना है। युवाओं को इसके विषय में अध्ययन करना चाहिए। साथ ही फर्रुखाबाद की देश की आजादी में अहम भूमिका रही। पण्डित रामनारायण आजाद ने अपने प्राणों की आहुति देकर भारत को आजाद कराने में अहम भूमिका निभाई। ठाकुर वीरेंद्र सिंह राठौर ने हिंदुओं को एकजुट होने का आह्वान किया। सुरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि रामोत्सव कार्यक्रम प्रभु श्री राम के वनवास से लौटने श्रीकथा यह धर्म, सत्य, मर्यादा, धैर्य का प्रतीक है। डॉ. संतोष पाण्डेय ने कहा जब तक सजती रहती है तरुनाई तब तक नहीं देश का उद्धार हुआ करता है। राम अवतार शर्मा इंदु ने दीप-मालिकेपधार, आँगन हमारे इन्दु संग साथ लिए, रिद्धि सिद्धि और श्री समृद्धि छ्न्द पढ़ा। जिलाध्यक्ष कवि राम मोहन शुक्ल ने कंकड़ पत्थर तो होंगे तुम्हारे लिए, हमारे लिए तो प्रभु राम है। संभाग अध्यक्ष दिलीप कश्यप ने देश भक्ति की सरदार भगत सिंह कविता पढ़ी। महेश पाल सिंह उपकारी ने आध्यात्मिक रचना पढ़ी। स्मृति अग्निहोत्री, प्रियांशु पाण्डेय दिनेश अवस्थी आदि ने काव्य पाठ किया।



कवि सम्मेलन का शुभारम्भ करते ईश्वर दास ब्रह्मचारी

कार्यक्रम में डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. अविनाश पाण्डेय, डॉ. नवनीत गुप्ता, डॉ. कार्तिकेय सिंह, डॉ. नावेद अलीम को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विशाल श्रीवास्तव ने किया।

संयोजन एवं आयोजन जिला मंत्री विशाल श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर प्रमोद दीक्षित, प्रभात अवस्थी, अमित सक्सेना, श्वेता दुबे, रामेंद्र कटियार एडवोकेट, जितेंद्र कटियार रिंकू, विपिन अवस्थी, रितेश शुक्ला, आदि रहे। कार्यक्रम की व्यवस्था सूरजपाल, ताराचन्द्र, प्रदीप, कुलदीप, संदीप, चंद्रपाल आदि ने संभाली। आयोजक विशाल श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

दिवाली माई भारत वाली के तत्वावधान में

# छात्र-छात्राओं ने चलाया स्वच्छता अभियान




स्वच्छता अभियान में भाग लेते छात्र-छात्रायें मौजूद शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दिवाली माई भारत वाली के तत्वावधान में भारतीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई छात्र-छात्राओं द्वारा नगर के मुख्य बाजार में सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमन प्रकाश द्वारा किया गया एवं महाविद्यालय परिवार के सदस्य डॉ. विजय, अशोक मिश्रा, विवेक शुक्ला, बलराम सिंह, सर्जेश आदि उपस्थित रहे। सफाई अभियान के कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम का नेतृत्व कार्यक्रम प्रभारी डॉ. आलोक बिहारी लाल द्वारा किया गया।

## आठ मोबाइल फोन सहित दो शातिर चोर गिरफ्तार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली पुलिस ने चोरी के मोबाइल फोन बरामद कर दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने घेराबंदी करके कोतवाली कायमगंज के ग्राम मझौला निवासी कन्हैया पुत्र पंजाबी जनपद कासगंज, थाना सिढ़पुरा के नगला भिखारी सहारावल निवासी विकास उर्फ विक्की पुत्र लाल सिंह एवं एक बाल अपचारी को पकड़ लिया। पुलिस ने चोरी के आठ मोबाइल फोन एवं घटना में प्रयोग की जाने वाली मोटरसाइकिल बरामद कर ली। बीते दिनों मोहल्ला चिलांका निवासी मुहम्मद अहमद पुत्र मटरु बख्श ने मोबाइल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अहमद खानपुर पेट्रोल पम्प के पास साइकिल पर अपना मोबाइल रखकर पेशाब करने लगा था, तभी तीन बाइक सवार उसका मोबाइल चुरा ले गए थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में दीपावली उत्सव कार्यक्रम सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति में अध्यक्ष रामविलास त्रिवेदी, प्रबंधक संजीव चौहान, डॉ. रुद्रनारायन त्रिपाठी, आनंद कुमार त्रिवेदी, डॉ. ज्योति गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने दीपक का महत्व बताते हुए कहा कि सभी दीपक की तरह चारो तरफ रोशनी फैलाये और फैले अंधेरे को अपनी छोटी-छोटी प्रतिभा से जागरुक करें। समाज में फैली कुरीतियों को दूर करें। संयोजक सर्वेश कुमार शुक्ला ने विचार व्यक्त किये। संचालन आशुतोष अवस्थी ने किया। अतिथियों का परिचय प्रदीप अवस्थी ने दिया। अर्तिका शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर बाहर से आये निर्णायक में डॉ. रुद्रनारायन त्रिपाठी, आनंद कुमार त्रिवेदी व डॉ. ज्योति गुप्ता ने प्रतिभागियों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान आचार्य रामानंद पाण्डेय, वीरेश परमार, शिवमोहन मिश्रा, प्रदीप शर्मा, शिव कुमार यादव, प्रदीप सेंगर, गोविंद प्रताप, आलोक, रजनीश, संजीव शाक्य, अंजली, अमृता, अर्पणा अवस्थी, पल्लवी राजपूत, कृष्ण कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व बच्चे

# एमआईसी में जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह के निर्देशन पर म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट के गिरिजा शंकर द्वारा जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी समग्र शिक्षा का आयोजन हुआ। जनपद के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 72 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने जूनियर तथा सीनियर वर्ग में प्रतिभाग किया। विजेता छात्रों ने एक जूनियर तथा एक सीनियर वर्ग के छात्र अथवा छात्रा द्वारा मॉडल का प्रदर्शन किया जाना था।

सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं में लगभग 30 छात्रों ने तथा जूनियर वर्ग के लगभग 42 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रदर्शनी में चयनित प्रतिभागियों को मंडल स्तर पर प्रतिभाग करने के लिए भेजा जाएगा। चयनित किए जाने वाले छात्र-छात्राओं में प्रत्येक वर्ग से प्रथम द्वितीय तथा तृतीय अग्रसारित किए जाने हैं। प्रदर्शनी में सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर जीआईसी फर्रुखाबाद, द्वितीय स्थान पर एमआईसी फतेहगढ़, तृतीय स्थान पर रामदर्शनी इंटर कॉलेज भटासा के छात्र रहे। जबकि जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर गंगापार महात्मा गांधी इंटर कॉलेज राजेपुर, द्वितीय स्थान पर जीआईसी फर्रुखाबाद, तृतीय स्थान पर माता चंद्रावती इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद के छात्र रहे। प्रदर्शनी में प्रथम स्थान पर चयनित छात्र को 4000 रुपए द्वितीय को 3000 रूपये, तृतीय को 2000 रुपये तथा सांत्वना पुरस्कार को प्रति छात्र को पांच 500 का पुरस्कार दिया जाएगा जो धनराशि छात्र के सीधे खाते में ट्रांसफर की जाएगी। अतिरिक्त पांच पांच जूनियर तथा सीनियर वर्ग में सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। निर्णायक की भूमिका जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रजलामई के प्रवक्ता योगेंद्र कुमार तथा प्रभा, जीआईसी फर्रुखाबाद के प्रवक्ता सुधीर कुमार मिश्रा तथा म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के रसायन विज्ञान प्रवक्ता मयंक रस्तोगी रहे। लेखा अनुभाग में एम आई सी के गणित प्रवक्ता अरविंद कुमार, शिक्षक विश्व प्रकाश, प्रबल प्रताप सिंह, निरुक्त कुमार मिश्रा व शिवेंद्र रहे। प्रदर्शनी के समापन पर जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य लेफ्ट0 गिरिजा शंकर द्वारा सभी का आभार प्रकट करते हुए किया गया।



प्रदर्शनी में मॉडलों को देखते डीआईओएस

# एसबीएस पब्लिक स्कूल में हुई रंगोली प्रतियोगिता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कानपुर रोड याकूतगंज स्थित एसबीएस पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता एवं दिया मेकिंग प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। हाउस वाइज छात्र.-छात्राओं ने अपनी- अपनी रंगोली बनाकर सजाई।

विद्यालय चेयरमैन विवेक सिंह यादव द्वारा एवं विद्यालय चेयरपर्सन स्नेहा सिंह द्वारा ग्रीन हाउस को प्रथम पुरस्कार, येलो हाउस को द्वितीय पुरस्कार एवं ब्लू हाउस को तृतीय पुरस्कार दिया गया।

चेयरमैन विवेक सिंह यादव ने कहा कि जिस उत्साह और उमंग के साथ छात्र-छात्राओं ने रंगोली बनाई है उससे यह लगता है की छात्र-पढ़ाई के साथ-साथ अन्य विद्यालय में होनी वाली प्रतियोगिताओं में भी अगर रुचि लेते हैं तो जीवन में आगे बढ़ने के मौके और भी आ सकते हैं। पढ़ाई के साथ-साथ अगर हम अन्य विद्यालय के कार्यक्रमों में रुचि लेते हैं, तो छात्रों का चहुंमुखी विकास होता है और भविष्य में उसके आगे बढ़ाने की संभावनाएं और प्रगाढ़ हो जाती हैं। हाउस हेड फैजुल हसन, नीलेश सिंह, निदा अंसारी, राहुल राजपूत, प्रत्यूष मिश्रा, प्रांशी कटियार सहित अन्य विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा। दिया डेकोरेशन प्रतियोगिता में जूनियर एवं सीनियर बच्चों में प्रथम पुरस्कार शिवा राठौर एवं अस्मिता राजपूत, द्वितीय पुरस्कार अनन्या कुशवाहा एवं सोनल पाल, तृतीय पुरस्कार आरुषि एवं महिमा शर्मा को मिला।



कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्रायें व शिक्षक

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बाइक से मौसी के घर जाते समय युवक की बाइक में ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गम्भीर रुप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के गांव नगला पंचम धीरपुर निवासी युवक रिशु पुत्र दया स्वरूप अपनी बाइक से अपनी मौसी के यहां नवाबगंज जा रहा था, तभी नवाबगंज थाना क्षेत्र के ही अचरा रोड पर एसआरएस ग्लोबल स्कूल के सामने ट्रैक्टर ने युवक की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी सूचना वहां मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने एंबुलेंस तथा थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने एंबुलेंस के साथ जाकर घायल युवक को सीएससी नवाबगंज में भर्ती कराया। जहां घायल युवक को प्राथमिक के बाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# राजपूत करणी सेना ने पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र किये वितरित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

> वक्ताओं ने क्षत्रिय समाज की एकता पर बल दिया, साथ ही युवा पीढ़ी को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी ग्रहण करने की अपील की

राजपूत करणी सेना की जिला इकाई की बैठक ग्राम बरौन में प्रभारी सुशील सिंह चौहान के प्रतिष्ठान पर सम्पन्न हुई।

बैठक में संगठन को विस्तार देते हुए मनोनयन पत्र वितरित किये गये। वक्ताओं ने क्षत्रिय समाज की एकता पर बल दिया, साथ ही युवा पीढ़ी को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी ग्रहण करने की अपील की।

क्योंकि संस्कारों के बिना युवा पीढ़ी भ्रमित हो रही है। प्रदेश उपाध्यक्ष विनय प्रताप ने समाज के लोगों से जागरूक होने का आवाह्न किया। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह परिहार ने सभी को धन्यवाद दिया। पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दिनेश सिंह तोमर ने आपसी समन्वय बनाए रखने की अपील की। संचालन देवपाल सिंह राठौर ने किया। इस मौके पर सुखेंद्र सिंह राठौर, मुकेश सिंह चौहान, अरविंद सिंह चौहान, देवपाल सिंह राठौर, रामप्रताप सिंह, देवेंद्र सिंह, वेद प्रकाश सिंह, कुलदीप सिंह चौहान, उदय प्रताप सिंह, धनंजय सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## अवकाश प्राप्त शिक्षकों का सम्मेलन चित्रकूट में

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अवकाश प्राप्त माध्यमिक शिक्षक कल्याण एसोसिएशन का १०वां प्रादेशिक अधिवेशन 9, 10 व 11 नवम्बर को विकलांग विश्वविद्यालय चित्रकूट में आयोजित होगा। विश्व विद्यालय के कुलाधिपति जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज विचार व्यक्त करेंगे। साथ ही स्मारिका का विमोचन होगा।

साथ ही कोषागार निदेशक सम्मेलन के मुख्य अतिथि होगें। प्रतिभाग करने वाले सभी पूर्व शिक्षक 9 नवम्बर को सुबह 6:30 बजे द्वारा आईटीआई चौराहे से चित्रकूट के लिए प्रस्थान करेगें। यह जानकारी बृजेन्द्र कुमार श्रीमाली ने दी है।

# गंगलऊ परमनगर में मनरेगा योजना में लूट, पोर्टल पर हो रही फर्जी हाजिरी अपलोड

प्रधान प्रतिनिधि सुशील यादव व रोजगार सेवक द्वारा किया जा रहा भ्रष्टाचार

**शमशाबाद,समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड शमसाबाद में व्याप्त भ्रष्टाचार की वैतरणी में गंगलऊ परमनगर का प्रधान प्रतिनिधि सुशील यादव भी खूब गोते लगा रहा है। वहीं प्रधान प्रतिनिधी को जिले के ही एक नेता का करीबी भी बताया जाता है। इसी नेता की वजह से ही ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुशील यादव को बलात्कार के मामले में जेल जाना पड़ा था। सुशील यादव इसी नेता की धौंस दिखाकर शमसाबाद विकास खंड कार्यालय के अधिकारियों पर रौब गांठ कर भ्रष्टाचार की वैतरणी में लगातार गोते लगाकर दिल खोल कर लूटने से बाज नहीं आ रहा है।

सजातीय एपीओ कुलदीप यादव की शह पर मनरेगा योजना में मजदूरों की फर्जी हाजिरी भी मनरेगा पोर्टल पर अपलोड की जा रही है। सजातीय एपीओ कुलदीप यादव के द्वारा आज तक परमनगर गंगलऊ में हो रहे मनरेगा कार्यों का कभी भी निरीक्षण नहीं किया गया है।

गंगलऊ परमनगर के ग्रामीणों को विकास के नाम पर खूब छला जा रहा है। यहां पर गुड्डु के खेत से अविनेंद्र के खेत तक गूल सफाई व खुदाई का कार्य हो रहा है। जिसमें 34 मनरेगा मजदूरों की हाजिरी रोजगार सेवक धर्मवीर द्वारा मनरेगा पोर्टल पर अपलोड कर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। ये कार्य पिछले कई दिनों से कागजों में ही दौड़ रहा है।

यहां पर जब ग्रामीणों से इस कार्य के संबंध में जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि उन्होंने आज तक किसी भी मजदूर को कार्य करते हुए नहीं देखा है उन्होंने बताया कि रोजगार सेवक धर्मवीर व प्रधान प्रतिनिधि सुशील यादव आते हैं और फोटो खींचने के बाद तुरंत चले जाते हैं। इस संबंध में जब एपीओ कुलदीप यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी वह प्रधान से बात करते हैं।



इसी स्थान पर सफाई व खुदाई का दिखाया जा रहा कार्य

# दबंगों ने दीवार गिराकर प्लाट पर किया कब्जा



दीवार गिराने की जानकारी देता पीड़ित

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना कमालगंज के अंतर्गत गांव लख्मीपुर में दबंगों ने ईंटों से बनी दीवार गिरा दी जो कि लेखपाल दलवीर द्वारा पैमाइश कर प्लांट को कब्जे में दिया गया था।

जानकारी के अनुसार लखीमपुर गांव निवासी पेशकार ने अपने प्लाट में लेखपाल के सामने निहास भरवाई थी। फिर रात में दबंगों ने वह दीवार गिरा दी। दबंग रंजीत, राजीव, रमन, सुरजीत पुत्रगण रामतीर्थ ने मिलकर दीवाल गिरने के बाद दबंगों ने कहां की अगर तूने दोबारा दीवाल उठाई, तो तुझको जान से मार देंगे और तू हम लोगों का कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा। मेरी जान पहचान वकील से लेकर नेताओं तक है। इसलिए मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। अगर तूने यहां मकान बनाया, तो हम लोग तेरा मकान भी गिरा देंगे। इसलिए पेशकार वा उसका परिवार डरा समा है और दबंग लोगों ने गली (मैन रास्ते) में दिवाला खड़ी कर दी है। जिससे लोगों को निकालने में दिक्कत हो रही है और लोग उसे गली से न होकर घूमकर दूसरी गली से निकलते हैं। जब लोगों ने यह बात दबंगों से कहीं तो दबंग लड़ाई झगड़ा करने पर उतारु हो गये और कहने लगे की दीवाल ऐसी ही बनी रहेगी तुम लोगों को जो उखाड़ना हो उखाड़ लो। जाकर जहां शिकायत करनी हो कर लो जाकर। अगर तुम लोग नहीं मानोगे तो अपने घर की बहन बेटी का महिलाओं से 76 जैसा संगीत अपराधों में झूठे मुकदमे लगवा कर जेल भिजवा दूंगा।

## रामलीला का ग्राम प्रधान ने किया उद्घाटन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** ग्राम पंचायत में हो रही रामलीला का ग्राम प्रधान ने फीता काटकर उद्घाटन किया। ब्लॉक प्रमुख की तरफ से ग्राम पंचायत में सोलर लाइट लगवाने का ग्राम प्रधान ने आश्वासन दिया। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र की पंचायत गढ़िया बबना में शुरू हुई श्री रामलीला का ग्राम प्रधान पति संजीव यादव ने फीता काटकर किया। उद्घाटन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन किया गया। इसके बाद वहां मौजूद आचार्य ने भूमि पूजन कर रामलीला का शुभारंभ किया। ग्राम प्रधान पति संजीव यादव ने बताया की मेजर एसडी सिंह पी0जी0 आयुर्वैदिक मेडिकल कालेज के चेयरमैन तथा नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख के पति डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव ने ग्राम पंचायत गढ़िया में सोलर लाइट लगवाने का आश्वासन दिया। वहीं ग्राम प्रधान ने 5100 का आर्थिक सहयोग भी कमेटी को दिया। उन्होंने बताया कि यह आर्थिक सहयोग भी मेजर एसडी सिंह डिग्री कॉलेज के चेयरमैन के द्वारा कमेटी के लिए दिया गया है और वह अपने पैतृक ग्राम पंचायत विकास कार्य कराने से पीछे नहीं हटेंगे। इस मौके पर ग्राम प्रधान बबना हरदुआ संजीव यादव, राम भजन सिंह, नरोत्तम सिंह, रामवीर सिंह तथा समस्त रामलीला कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सरकारी जमीन पर अवैध रूप से निर्माण होने पर मोहल्लेवासियों ने जताया रोष

> अधिकारियों की मिली भगत से बराबर चल रहा है निर्माण कार्य

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर में सरकारी जमीन पर आए दिन दबंग भूमाफियाओं द्वारा अतिक्रमण कर स्थाई निर्माण बनाए जा रहे हैं आज ऐसा ही एक वाक्य कमालगंज के मोहल्ला अशोकनगर में दिखाई दिया। जहां पर जिला पंचायत की जमीन पर दबंग भू-माफियाओं द्वारा पहले से ही उक्त जमीन पर कब्जा कर स्थाई निर्माण किया जा है। इस जमीन पर आज पक्का निर्माण होते देखकर विरोध किया गया और इसकी शिकायत संबंधित अधिकारी एवं नगर पंचायत में की गई, लेकिन संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत के कारण उस पर निर्माण बराबर चल रहा है जिससे मोहल्लेवासियों में आक्रोश व्याप्त है। बताते चलें कमालगंज नगर पंचायत के आसपास बहुत से मकान को रोड पर बना दिये गये हैं। जिस वजह से जीटी रोड पर 2 ट्रैक्टर निकल जाते थे। आज एक ट्रैक्टर वमुश्किल निकाल पता है। यह निर्माण कार्य विगत कई वर्षो से चले आ रहे हैं, लेकिन वोट बैंक की खातिर संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने मुंह पर ताला लगा रखा है। लोगों के द्वारा दी गई शिकायतों को रद्दी की टोकरी में फेंक दिया जाता है वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अवैध कब्जे के रोकने की अभियान पर अधिकारी पलीता लगा रहे हैं।



नगर पंचायत की जमीन पर हो रहा अवैध निर्माण



वंदनवारी का प्रदर्शन करतीं छात्रायें

## केडी बालिका पीजी कालेज में दीपक सजाओ एवं वंदनवार प्रतियोगिता सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दीपावली के त्यौहार को लेकर केडी बालिका पीजी कालेज में दीपक सजाओ एवं वंदनवार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कृष्ण देवी बालिका डिग्री कालेज आवास विकास में दिनांक 28 अक्टूबर को दीपावली के शुभ अवसर पर छात्राओं ने दीपक सजाओ एवं वंदनवार प्रतियोगिता में उत्साह के साथ भाग लिया। अध्यापकगण का निर्देशन एवं सहयोग सराहनीय रहा। दीपक बनाने में छात्राओं ने भिन्न-भिन्न सामग्री एवं सजावट का प्रयोग किया। बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा कीर्ति वर्मा का दीपक विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। छात्रा कीर्ति वर्मा ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, गुनगुन बाथम बीए प्रथम वर्ष, कोमल शुक्ला प्रथम वर्ष, मोहिनी पाल प्रथम वर्ष, कविता, काव्या, लक्ष्मी आदि छात्राओं ने भाग लिया। निर्णायक डॉ. अरिमर्दन सिंह, डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव, अनुराग यादव ने उचित निर्णय द्वारा छात्राओं को प्रसन्न एवं संतुष्ट किया।

# दीवाली को लेकर छापामारी तेज, भरे गये नमूने

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आगामी पर्व दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज के दृष्टिगत एफएसडीए द्वारा छापामार कार्यवाही कर जांच हेतु नमूने संग्रह किये गये।

जानकारी के अनुसार गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेषकर खाद्य पदार्थ खोया, पनीर, दूध एवं दुग्ध पदार्थ से निर्मित मिठाईयां, नमकीन, ड्राई फ्रूट, खाद्य तेल एवं वनस्पति, घी, रंगीन मीठे खिलौने व अन्य खाद्य पदार्थ आदि की गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से आज दिनांक 28.10.2024 को सहायक आयुक्त (खाद्य) अजीत कुमार के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय प्रधान के नेतृत्व एवं पर्यवेक्षण में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवदास सिंह, विनोद कुमार, डॉ0 शैलेन्द्र रावत एवं अरूण कुमार मिश्र द्वारा निम्न कार्यवाही सम्पादित की गयी। तलैयालेन फतेहगढ़ स्थित खाद्य प्रतिष्ठान मिष्ठान भण्डार से खाद्य पदार्थ मिल्क केक का एक नमूना संकलित किया गया। छोटीजेल चैराहा फतेहगढ़ स्थित खाद्य प्रतिष्ठान मिष्ठान भण्डार से खाद्य पदार्थ पनीर का एक नमूना संकलित किया गया। कानपुर रोड, कमालगंज, स्थित खाद्य प्रतिष्ठान मिष्ठान भण्डार से खाद्य पदार्थ मिल्क केक का एक नमूना संकलित किया गया। किराना बाजार स्थित खाद्य प्रतिष्ठान मिष्ठान भण्डार से खाद्य पदार्थ सोनपापड़ी का एक नमूना संकलित किया गया। रेलवे रोड, कमालगंज स्थित खाद्य प्रतिष्ठान किराना स्टोर से खाद्य पदार्थ बेसन का एक नमूना संकलित किया गया।



दीपावली के त्यौहार को लेकर जांच के दौरान नमूना संग्रहित करती टीम

# धनतेरस एवं दीवाली की सभी को हार्दिक शुभकामनायें

प्रस्तुति-लक्ष्मीकांत भारद्वाज


धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
विमलेश मिश्रा
युवा प्रदेश अध्यक्ष
अखिल भारत हिन्दू महासभा

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
मनोज रस्तोगी
अतुल रस्तोगी
लाला गिरजा शंकर सर्राफ
सोने व चांदी के आभूषण हर समय उपलब्ध
नेहरू रोड, फर्रुखाबाद

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
लाला भोलानाथ सर्राफ का प्रतिष्ठान
B.N.S. ज्वैलर्स
नेहरू रोड फर्रुखाबाद
100 वर्षों का विश्वास आधुनिकता के साथ
प्रो0-मुदित टण्डन
मो0: 9415191311, 7007767149

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
क्रांति पाठक
जिलाध्यक्ष
अखिल भारत हिन्दू महासभा, फर्रुखाबाद

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
ला0 रामस्वरूप हीरालाल ज्वैलर्स
नेहरू रोड फर्रुखाबाद
हॉल मार्क सोने व चांदी के आभूषणों के विक्रेता
प्रो0 राजीव अग्रवाल
सार्थक अग्रवाल

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
लाला रामभरोसे नरेश चन्द्र सर्राफ
नेहरू रोड फर्रुखाबाद
KISNA
अजय अग्रवाल
अनमोल अग्रवाल

धनतेरस व दीपावली एवं भाईदूज की हार्दिक शुभकामनायें
राजगौरव पाण्डेय एडवोकेट
कर सलाहकार इनकम टैक्स व जी.एस.टी.
सचिव- नक्श फाउंडेशन
कलाकार रंगमंच
निदेशक- वाणी विनायक फाउंडेशन, फर्रुखाबाद

धनतेरस एवं दीवाली की हार्दिक शुभकामनायें
शादी, विवाह आदि के सभी प्रकार के फैन्सी आइटम जैसे- फैन्सी साड़ी कवर, निकाह की पोटली, फैन्सी वास्केट, ड्राई फ्रूट बॉक्स, जयपुरिया लेडी पर्स, रजवाड़ा पैकिंग के लिए ट्रे आदि उचित मूल्यों पर उपलब्ध हैं।
नोटः हमारे यहां सभी प्रकार के फैन्सी पैकिंग आइटम मिलते हैं।
खण्डेलवाल प्लास्टिक
निकट- नुनहाई नुक्कड़, किराना बाजार, फर्रुखाबाद
प्रो0 शैलेश खण्डेलवाल (शैलू)
मो0:- 9839074197, 8318002473

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
नीरज रस्तोगी
फर्रुखाबाद लायंस क्लब सिटी
निखिल रस्तोगी
विकास रस्तोगी
थोक दवा विक्रेता-हिन्द मेडिकल एजेंसी नेहरू रोड, फर्रुखाबाद
मैचिंग सेंटर -ब्लाउज, पेटीकोट, फाल आदि

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
आदेश अवस्थी
स0आ0 सर्विलियन विद्यालय अरियारा शमशाबाद, फर्रुखाबाद
सह विभाग संयोजक, संस्कार भारती, फर्रुखाबाद

धनतेरस एवं दीपावली व गोवर्धन तथा भाईदूज की हार्दिक शुभकामनायें
डा0 अरुण अग्निहोत्री
प्रदेश उपाध्यक्ष
ब्राह्मण जन सेवा समिति
प्रदेश सचिवः सिविक एण्ड सोशल आउटरीच विभाग कांग्रेस

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाये
कला इम्पोरियम एवं पुरवार फर्नीचर मार्ट
लाल सराय, फर्रुखाबाद
हमारे यहां- कुर्सी मेज, डबल बेड गद्दा, तकिया, अलमारी, सोफा, डायनिंग टेबिल आदि उपलब्ध हैं।
आयुष पुरवार
प्रो0 राजीव कुमार

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
Jan Shikshan Sansthan
जन शिक्षण संस्थान
नगला दीना रेलवे स्टेशन, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद
मनोज मिश्रा
कार्यक्रम अधिकारी
नीरज पारीक
निदेशक
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
राकेश कुमार सक्सेना एडवोकेट
महामंत्री
नगर उद्योग व्यापार मण्डल
मिश्रा गुट, फर्रुखाबाद

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
राकेश मिश्रा कल्लू भैया
राजकीय-ठेकेदार
मुनीश चंद्र मिश्रा
एडवोकेट
पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष (बीएचडीपीजी) जिला पंचायत सदस्य

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
सुधेश दुबे
सेवा निवृत्त, प्रशासनिक अधिकारी, सिंचाई विभाग
विभाग संयोजक, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि
श्वेता दुबे
जिला उपाध्यक्ष
भाजपा महिला मोर्चा
फर्रुखाबाद

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
रोहित गंगवानी
अम्बिका इलेक्ट्रानिक
चौक रेलवे रोड फर्रुखाबाद
मोहनदास गंगवानी

सभी को दीवाली की हार्दिक शुभकामनायें
मनीषा नर्सिंग होम
लोहाई रोड, फर्रुखाबाद
डा0 जितेन्द्र कटियार
एम.बी.बी.एस. सर्जन
डा0 वीना कटियार
एम.बी.बी.एस. स्त्री रोग विशेषज्ञ
अमनतारा पब्लिक स्कूल नेकपुर खुर्द, फर्रुखाबाद

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
diwali
काजी जफर शाह रिजवी
एडवोकेट (प्रबंधक)
शाही ट्रस्ट नजफ एवं करबला, बिलसरा रोड, फर्रुखाबाद

धनतेरस एवं दीवाली की हार्दिक शुभकामनायें
पूर्व सभासद
नगरपालिका परिषद, फर्रुखाबाद
लक्ष्मी कोल्ड स्टोरेज, ठंडी सड़क फर्रुखाबाद
सरोजनी कोल्ड स्टोरेज, जसमई फर्रुखाबाद
सचिव, शीतगृह संघ
उमेश अग्रवाल